क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
13	श्री दिलबाग सिह एम एल ए द्वारा पूछा गया ताराकित प्रश्न सख्या 1874 ***** क्या कृषि मत्री कृपया बताएगे कि क्या यमुनानगर मे एक टिम्बर मार्केट स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?	28 2 2012 जी हा श्रीमान।	यमुनानगर मे टिम्बर मार्केट स्थापित करने के लिए भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही वर्ष 2002 से चल रही है। दुसानी गाव की 37 एकड 2 बिस्वा जमीन चिन्हित की गई। इस जमीन पर 23 5 2002 को सैक्शन 4 16 10 2002 को सैक्शन 6 तथा 18 10 2002 को सैक्शन 7 की कार्यवाही की गई। सचिव मार्किट कमेटी यमुनानगर ने पत्र क्रमाक 896 दिनाक 7 1 2003 द्वारा 2 50 करोड रुपये की राशि डी आर ओ के पास जमा कराई। इसी दौरान श्री सुरेन्द्र कुमार तलवाड ने माननीय उच्च न्यायालय मे रिट पैटीशन न० 253 डाली। जिस पर माननीय उच्च न्यायालय ने dispossession of land के आदेश पारित किए। इसलिए मार्किट कमेटी द्वारा जमा कराई गई 2 50 करोड रुपये की राशि डी आर ओ ने पत्र क्रमाक 455 दिनाक	The Committee would like to know the latest position in this regard (16-11 2015)

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			22 1 2003 द्वारा मार्किट कमेटी को वापिस कर दी। विभाग ने माननीय उच्च न्यायालय मे शीघ्र सुनवाई की अपील की और अब केस रेगूलर सुनवाई के लिए लिस्टिड कर लिया गया है। सुनवाई की तारीख जल्दी ही आने की सभावना है। इसी दौरान मुख्य प्रशासक महोदय ने उपायुक्त यमुनानगर की अध्यक्षता मे समुचित वैकल्पिक भूमि जाचने के लिए एक समिति गठित की है। सचिव मार्किट कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार सहारनपुर मार्ग पर दो स्थलो की पहचान की गई है। इन स्थलो पर अन्तिम निर्णय प्रक्रिया मे है। (16 11 2015)	
14	श्री पिरथी सिंह द्वारा पूछा गया अताराकित प्रश्न सख्या 53 क्या कृषि मन्त्री कृपया बताएगे कि (क) क्या नरवाना की नई अनाज मण्डी के प्लेटफार्म को पक्का करने का	10 3 2015 अध्यक्ष जी नई अनाज मण्डी नरवाना के द्वितीय चरण मे पक्का प्लेटफार्म बनाने का प्रस्ताव राज्य कृषि विपणन बोर्ड के विचाराधीन है तथा पक्का प्लेटफार्म वित्तीय वर्ष 2015 16 के दौरान बनाया जाना सभावित है।		

कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा

(ख) यदि हा उपरोक्त कार्य के कब तक पूरा किये जाने की सभावना है?

15	शून्यकाल मे श्री कर्ण सिंह दलाल द्वारा उठाए गए मामले के सदर्भ मे कृषि मत्री द्वारा दिया गया वक्तव्य।	10 3 2015	XX अध्यक्ष जी हमारी सरकार विपक्ष से ज्यादा सवेदनशील है। मै खुद खेतो मे गया हू और हमने गिरदावरी के आदेश कर दिए है। XX अध्यक्ष जी सभी समाचार पत्रो मे यह समाचार छपा है कि सरकार ने स्पैशल गिरदावरी के आदेश दिए हैं। यह समाचार भी सभी समाचार पत्रो मे आया है कि हमने सभी बैको को पत्र लिखा है कि जिन किसानो ने फसली ऋण लिया हुआ है और अगर बीमे की राशि काटी गई है तो उन बीमा कम्पनियो से भरपाई करवाने के लिए बैक सक्रिय हो क्योकि सरकार इस बारे मे पूरी तरह से सचेत और सवेदनशील है। इसके लिए हम किसी भी बहस के लिए तैयार है और हर कसर्न को हम जवाब देने के लिए तैयार है। अध्यक्ष महोदय ये व्यक्ति सदन के प्रति अपने अभिमान को दिखा रहे हैं जिसके बारे मे हमे जरूर चिंता करनी चाहिए। XX अध्यक्ष जी जो दो बार वर्षा हुई है उसके बाद हमने स्पैशल गिरदावरी के आदेश दिए है और ओला वृष्टि के

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		बाद भी स्पैशल गिरदावरी के आदेश दे दिए गए है।		
16	श्री महीपाल ढाढा द्वारा पूछा गया आतारांकित प्रश्न सख्या 120 क्या कृषि मत्री कृपया बताएगे कि क्या बबैल खरीद केन्द्र की चारदीवारी शैड बिजली पीने के पानी की सुविधा तथा क्षतिग्रस्त प्लेटफार्म की मरम्मत करवाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?	17 3 2015 जी हा श्रीमान यद्यपि हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की नीति के अनुसार खरीद केन्द्र मे स्थायी बुनियादी ढाचे के विकास के लिए भूमि या तो बोर्ड को स्थानातरित की जानी चाहिए अथवा बोर्ड के नाम 33 साल या उससे अधिक की लम्बी अवधि के लिए पट्टे पर दी जानी चाहिए। यदि ग्राम पचायत बबैल बोर्ड को उक्त भूमि स्थानातरित करती है तो वहा पर अपेक्षित बुनियादी सुविधाओ का विकास कर दिया जायेगा।		
17	श्री उदय भान द्वारा पूछा गया ताराकित प्रश्न सख्या 238 क्या कृषि मत्री कृपया बताएगे कि क्या होडल विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र मे एक नई अनाज मण्डी का निर्माण करने का का कोई प्रस्ताव विचार सरकार के विचाराधीन है यदि	18 3 2015 जी हा श्रीमान। वर्तमान अनाज मण्डी के विस्तार के लिए 99 एकड़ 3 कनाल 19 मरले अतिरिक्त भूमि अधिग्रहित की गई है। इस भूमि के अधिग्रहण के लिए 96 91 80 558/ रुपये का अवार्ड 18 12 2014 को घोषित किया जा चुका है। भूमि का कब्जा जल्द ही ले लिया जायेगा और		

	हा तो उसका ब्यौरा क्या है? इस मण्डी का काम कब तक शुरू होगा और इसमे कितना समय लगेगा? * इस अनाज मण्डी के लिए जमीन का कब्जा कब तक ले लिया जाएगा और इस पर काम कब तक शुरू हो जाएगा?	उसके बाद बुनियादी ढाचा विकसित किया जायेगा। अध्यक्ष महोदय मै आपके माध्यम से माननीय साथी को बताना चाहूगा कि वर्ष 2015 16 के अतर्गत इस काम को किए जाने की सम्भावना है। अध्यक्ष महोदय अभी इसमे दो बाधाए है। पहली बाधा तो यह है कि वहा 4 एकड़ जमीन पर एक स्कूल है जिस बारे केस कोर्ट मे है तथा 26 एकड़ जमीन का एक अलग विषय है। इन दोनो विवादो से तुरत निपटते हुए जल्दी ही इस मामले मे आगे बढ़ेगे। विभाग की योजना यह है कि वर्ष 2015 16 मे इस मडी के निर्माण के काम को पूरा कर लिया जाए।
18	तारांकित प्रश्न सख्या 238 के सन्दर्भ मे श्री बलवान सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न अध्यक्ष महोदय आपके माध्यम से मै मत्री जी से पूछना चाहता हू कि फतेहाबाद मे अनाज मण्डी बनाने के लिए 2009 मे मुआवजा भी दिया जा चुका है लेकिन मण्डी की जमीन की बाउडरी वाल भी अभी तक अधूरी है। पूर्व मुख्यमत्री श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा जी और तवर साहब वहा पर मण्डी बनाने	18 3 2015 अध्यक्ष महोदय माननीय साथी ने जो फतेहाबाद की मण्डी बनाने की बात की है यह हमारे ध्यान मे है और हमारी लिस्ट मे पहले नम्बर पर इसको रखा हुआ है। इस पर जल्द ही कार्य शुरू किया जायेगा।

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	का फाउडेशन भी रख चुके है लेकिन अभी तक वहा मण्डी बनाने के लिए टैण्डर काल नही किए गए है। वहा मण्डी बनाने के लिए किसी सिंगल आदमी को भी आब्जैक्शन नहीं है और मार्केटिंग बोर्ड के पास पैसे की भी कोई कमी नही है। सदन के आदरणीय नेता ने भी विश्वास दिलाया है कि जो भी फाईले डस्टबीन मे पड़ी है उनको बाहर निकालकर मुख्यधारा मे लाया जायेगा। अध्यक्ष महोदय आपके माध्यम से मेरी मत्री जी से प्रार्थना है कि फतेहाबाद मे जल्द से जल्द अनाज मण्डी बनाने के लिए टैण्डर काल किए जाये ताकि वहा किसानो और व्यापारियो को लाभ मिल सके।			
19	श्री परमेन्द्र सिंह ढुल द्वारा दिये गये ध्यानाकर्षण सूचना सख्या 27 के सदर्भ मे श्री रघुवीर सिह कादियान द्वारा पूछा	18 3 2015 स्पीकर सर मै माननीय सदस्य श्री कादियान जी को यह बताना चाहूगा कि मै माननीय मुख्यमत्री आपको और इस क्षेत्र के सभी विधायको को		

गया अनुपूरक प्रश्न स्पीकर सर यह बात ठीक है कि यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा था लेकिन इसी प्रकार से मै एक अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे की ओर हाउस का ध्यान दिलाना चाहता हू कि अखबारो मे इस आशय के समाचार लगातार छप रहे है कि शुगर मिल ने रोकी किसानो की 100 करोड़ रुपये की पेमैंट अगले सीजन से गन्ना नही खरीदेगी सरस्वती शुगर मिल इत्यादि इत्यादि। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण मामला है। इससे वहा का किसान भयभीत है कि अगले साल उनका गन्ना लिया जायेगा या नहीं लिया जायेगा। यह आपका भी क्षेत्र है। मेरा आपसे निवेदन है कि इस विषय पर अभी चर्चा करवाई जाये और सरकार की तरफ से तुरत जवाब आये।

साथ लेकर एक सप्ताह पहले रैस्ट हाऊस मे 105 करोड़ रुपये की बकाया राशि और आगे यह शुगर मिल कैसे चलेगी इस सारे विषय पर किसानों के साथ बात करके चिंता व्यक्त कर आया हू। कादियान साहब की इस बारे मे चिता पूरी तरह से वाजिब है लेकिन मै उनको यह बताना चाहूगा कि सरकार ने इस विषय पर अपना पूरा होम वर्क कर लिया है। सभी शुगर मिले चलेगी और हम किसी भी किसान का एक पैसा भी नहीं रुकने देगे।

19 3 2015

20 ताराकित प्रश्न सख्या 509 के सदर्भ मे श्री घनश्याम दास द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न अध्यक्ष महोदय सरकार के अच्छे अनुभवो को देखते हुए मै सरकार से यह आश्वासन चाहता हू कि किसानो के हितो को ध्यान मे रखते हुए आगामी खरीफ की फसल मे सही ढग से खाद

अध्यक्ष महोदय माननीय सदस्य ने जिस विषय पर ध्यान दिलाया है मैने सबसे पहले सबक इसी समस्या से सीखा है। हमारी सरकार दो काम कर रही है एक तो आगामी खरीफ की फसल का जितना एलोकेशन चाहिए उसका 25 प्रतिशत खाद हम कैसे स्टॉक मे रखे? इस प्रकार की योजना हम बना रहे है ताकि प्रदेश के अदर

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	खरीदने की योजना बनाये ताकि किसानो को इस समस्या से न जूझना पड़े।	खाद की कमी को स्टॉक से पूरी कर सके। फसल के समय पूरे देश मे खाद के आबटन की मारा मारी ज्यादा होती है उस हिसाब से जितने रैक हमको मिलने चाहिए नही मिल पाते है। अध्यक्ष महोदय यदि प्रदेश मे स्टॉक होगा तो उसकी पूर्ति हो सकती है। इसलिए भविष्य मे हमको कोई दिक्कत नही आयेगी। अध्यक्ष महोदय दूसरी दिक्कत आबटन को लेकर रहती है। पड़ोसी राज्यो के कारण भी और अन्य लोगो के इस्तेमाल के कारण भी। खाद की जरूरत किसान का ही नहीं बल्कि कई प्रकार की इण्डस्ट्रीज खासकर प्लाईवुड फैक्टरी मे खाद की जरूरत ज्यादा होती है। जब प्लाईवुड फैक्टरियो पर छापे मार कर कुछेक जगह खाद पकड़ी गई तो उनके ऊपर केसिज भी दर्ज किये गये तो उन्होने कहा कि हमारे पास खाद मिलने का कोई अल्टरनेट रास्ता नही है। अध्यक्ष महोदय हमने खाद्य एव उर्वरक मत्री से कहा है कि खाद की बिक्री ओपन मार्किट मे भी होनी चाहिए जिस तरह से सिलेडर दो तरीके से मिलते है उसी तरह से ऐसे लोगो के लिए फुलफलैज्ड रेट पर ऐसी		

दुकाने खुलनी चाहिए जहा पर उनको जरूरत के मुताबिक खाद मिल सके। इसके अतिरिक्त सरकार किसानो के लिए एक अटल खेती बाड़ी खाता योजना दो महीने के अदर बनाने जा रही है। इसके आधार पर हम यह भी तय कर सकेगे कि हमको किसी पर्टीकूलर गाव मे कितनी खाद पहुचानी है। उस गाव को हम सारी खाद एक साथ भी पहुचा सकेगे। इस प्रकार से हम खाद डिस्ट्रीब्यूशन के मामले मे बैटर मैनेजमैट की तरफ जा रहे है।

20 3 2015

21	श्री कुलदीप शर्मा द्वारा पूछा गया ताराकित प्रश्न सख्या 366 क्या कृषि मन्त्री कृपया बताएगे कि (क) क्या गन्नौर मे स्थित नई सब्जी मण्डी के स्थानान्तरण करने करने तथा उपरोक्त सब्जी मण्डी मे दुकाने कब तक आबटित किये जाने की सभावना है तथा उनकी कीमत क्या है?	(क) जी हाँ श्रीमान। परन्तु इसके लिए कोई समय सीमा तय नही की जा सकती। (ख) स्थानान्तरण के लिए कोई निश्चित समय नहीं दिया जा सकता। हालाकि मण्डी के स्थानान्तरण की प्रक्रिया मे तेजी लाने का प्रयास किया जायेगा। अनुमोदित फार्मला के अनुसार 20 5 2014 को 15 x27 6 आकार की दुकान का आरक्षित मूल्य 69 लाख रुपये निर्धारित किया गया था। यद्यपि आबटन की तिथि वाले दिन प्रचलित आरक्षित कीमत की चार्ज की जायेगी।

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		24 3 2015		
22	डिमाडज पर चर्चा के दौरान श्री कर्ण सिह दलाल द्वारा पूछे गये प्रश्न के सदर्भ मे सभापति महोदय कृषि विभाग से सम्बधित मेरा एक सुझाव है। पिछले दिनो कृषि विभाग मे जब खाद खरीदने पर बीज खरीदने पर और दवाईया खरीदने पर जब से यह सरकार बनी तब से जो धाधलिया हुई है। जो किसानो को खाद नही मिला।*	सभापति महोदय मै यह मानता हू कि जो करण सिंह दलाल बात कर रहे है मुझसे इसकी जाच करवाने मे थोड़ी सी ढिलाई हुई है। जो सीड से सम्बधित सारी शिकायते केन्द्रीय स्टैडिंग कमेटी मे है और इससे सम्बधित जो मुकद्दमा हाई कोर्ट मे है इनकी जाच कराने मे मुझसे ढिलाई हुई और इसमे 4 5 महीने ज्यादा लग गये। जैसा कि करण सिह दलाल जी बता रहे है मै इनको कहना चाहता हू कि रैक्सल और बीज सबकी जाच होगी ये निश्चिन्त रहे।		
		25 3 2015		
23	श्री परमेन्द्र सिह ढुल द्वारा दिये गये ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के सदर्भ मे।	XX सभापति महोदय मुझे यह कहते हुए खुशी है कि इसका जो दूसरी सूचना है उस पर कल सदन मे सदन के नेता ने घोषणा की है कि आने वाले समय मे किसानो के फसली ऋण का जो समय पर भुगतान करेगा उनके ब्याज का हिस्सा सरकार अदा करेगी। उनकी उस बात मे से इन्ट्रस्ट माफी का जो विषय है वह आगे बढ़ा है। उसके साथ साथ सरकार		

ने बैको को जो पुराना लोन है उस लोन को भी पुन निर्धारित करने के आदेश दे दिए है। जिससे किसानो को फिर से वह लोन मिल जाए और आगे के तीन साल मे वह कन्वर्ट हो जाए ताकि सुविधा के साथ किसान उसको भर सके। सर वर्तमान आपदा को देखकर दो विषय और भी आगे बढ़े है कि सरकार तुरन्त गिरदावरी करा रही है जिसकी 31 मार्च 2015 तक रिपोर्ट मागी है। जिसकी इसी सदन मे प्रशसा भी हुई कि जो मीनिमम मुआवजा है वह 250/ रुपये से बढ़ाकर 500/ रुपये प्रति एकड़ किया गया है। xx सभापति महोदय जिन किसानो की फसलों का 25 से 50 प्रतिशत तक का नुकसान हुआ है उन किसानो को 50 प्रतिशत बिजली के बिलो मे और ट्यूबवैल के बिलो मे छूट दी जायेगी और जिन किसानो की फसल 100 प्रतिशत तक का नुकसान हुआ है उन किसानो को 100 प्रतिशत तक बिजली के बिलो मे और ट्यूबवैल के बिलो मे छूट दी जायेगी। सभापति महोदय सरकार इस विषय के दूसरे पक्ष मे भी सीमित रिसोर्सिज के बाजवूद किसानो को प्राथमिकता देते हुए काम कर रही है। सभापति महोदय जिन माननीय सदस्यो ने इस बारे मे प्रश्न उठाया है उससे सरकार सहमत है लेकिन सरकार

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		के रिसोर्सिज लिमिटेड है इसलिए सरकार चाहती है कि केन्द्र सरकार की तरफ से हरियाणा प्रदेश को सहयोग मिले जिससे सरकार किसानो को बोनस दे सके। XX सभापति महोदय यदि बोनस केन्द्र सरकार की तरफ से दिया जायेगा तो उसके घेरे मे सभी किसान आ जायेगे और जो फसलो का नुकसान हुआ है उसकी पूर्ति भी हो जायेगी। XX सभापति महोदय बेमौसमी बारिश के कारण अब परिस्थिति बदल चुकी है तो दोबारा से केन्द्र सरकार को पत्र लिखकर निवेदन करेगे कि किसानो को बोनस दिया जाये। सभापति महोदय ऐसा नही है कि हरियाणा प्रदेश मे ही बेमौसमी बारिश और ओलावृष्टि की वजह से नुकसान हुआ है बल्कि देश के अनेक हिस्सो मे बेमौसमी बारिश और ओलावृष्टि की वजह से पश्चिमी विक्षोभ हुआ है यह दिसम्बर और जनवरी के महीने मे आता है। XX केन्द्र सरकार अपना शेयर राज्य सरकारो को दे दगी उसके बाद राज्य सरकार उस पॉलिसी को ज्यो का त्यो भी लागू कर सकती है। XX		

		25 3 2015
24	श्री परमेन्द्र सिंह ढुल द्वारा दिये गये ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के पूछे गये सदर्भ मे माननीय कृषि मत्री द्वारा दिया गया वक्तव्य	XX अध्यक्ष महोदय मेरे सदस्य साथी बार बार कह रहे थे कि किसान पर ब्याज न लगे इसलिए मै कल की मुख्यमत्री जी की घोषणा पर कह रहा हूँ और मुझे हाउस मे कहते हुए आनन्द हो रहा है कि पिछले फसली ऋृण पर भी सभी किसानो के लिए माननीय सदन के नेता ने घोषणा की है कि कोई ब्याज नहीं लगेगा। XXX मै सदस्यो की इस भावना से सहमत हूँ। आदरणीय जाकिर हुसैन जी ने चारे का मुद्दा उठाया है कि ओलावृष्टि और बरसात से किसानो को चारे का भी नुकसान हुआ है। मै सरकार की तरफ से जाकिर जी को आश्वस्त करता हँ कि मेवात जिले मे हम चारे की कमी नही आने देगे और वहा पर किसानो के लिए चारे की व्यवस्था करेगे। XXX अध्यक्ष महोदय अब मै विषय पर आते हुए कहना चाहूगा कि भाई राजदीप फोगाट जी ने नहर टूटने के कारण या ओवर फलो होने के कारण किसानो की फसल को नुकसान हुआ उसके बारे मे जिक्र किया है। मै उनको जानकारी देना चाहूगा कि हम उसका आकलन करवाकर उसकी भी भरपाई करवायेगे। XXX पूरे सदन का जो इस बारे मे भाव है उसको देखते हुए हम एक बार फिर से राज्य के रिर्सोसिज को बढ़ाने का केन्द्र सरकार से आग्रह करेगे ताकि हम इस रास्ते पर और आगे बढ़ सके।

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
25	श्री करण सिह दलाल द्वारा पूछा गया ताराकित प्रश्न सख्या 594 क्या सामाजिक न्याय एव अधिकारिता मत्री कृपया बतायेगे कि क्या राज्य मे 60 वर्ष की आयु के पश्चात किसानो को 5000/ रुपये प्रति मास पैशन देने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है। यदि हा तो उसका ब्यौरा क्या है ?	03 09 2015 जी नही श्रीमान। फिर भी भारत सरकार ने बीमा तथा पैशन क्षेत्रो मे सभी भारतीयो के लिए तीन सामाजिक सुरक्षा योजनाए प्रारम्भ की है। वर्ष 2015 16 के बजट मे इन योजनाओ के अतर्गत गरीबो और कमजोर वर्गो के लिए विशेष लक्ष्य रखा गया है। उनमे से एक अटल पैशन योजना 60 वर्ष की आयु होने पर न्यूनतम गारटी पैशन जिसकी सीमा 1000/ रुपये से 5000/ रुपये है के साथ एन पी एस जीवन स्वावलम्बन का उन्नत सस्करण है। इस सम्बध मे कृषि एव सहकारिता विभाग कृषि मत्रालय भारत सरकार से एक पत्राचार दिनाक 21 08 2015 को प्राप्त हुआ है तथा इस प्रस्ताव का निरीक्षण किया जा रहा है।		
26	ध्यानाकर्षण प्रस्ताव सबधी श्रीमती किरण चौधरी जी श्री जयप्रकाश जी श्रीमती प्रेम लता जी श्री परमिन्दर सिह ढुल जी श्री बलवान सिह जी श्री जाकिर	07 09 2015 उपाध्यक्ष महोदया श्रीमती किरण चौधरी जी श्री जयप्रकाश जी श्रीमती प्रेम लता जी श्री परमिन्दर सिह ढुल जी श्री बलवान सिह जी श्री जाकिर हुसैन जी श्री राजदीप फोगाट जी और अब श्री		

हुसैन जी श्री राजदीप फोगाट जी और अब श्री करण सिह दलाल जी श्री अभय सिह चौटाला जी श्री जाकिर हुसैन जी श्री आनन्द सिह दागी जी श्री अनूप धानक और श्रीमती गीता भुक्कल जी द्वारा पूछे गये अनुपूरक प्रश्न मे कपास की फसल पर आई सफेद मक्खी से फसल मे हुए नुकसान की भरपाई और उसकी रोकथाम करने के उपाय से सबधित बातो पर ध्यानाकर्षण किया है।

करण सिह दलाल और श्रीमती गीता भुक्कल जी इन सब लोगो ने जो सदन का ध्यान कपास की फसल पर आई सफेद मक्खी की तकलीफ की तरफ खश्चने का प्रयास किया है निश्चित रूप से यह विषय विचारणीय है और काफी बड़ी मात्रा मे इस मक्खी का प्रकोप हमारे कपास के क्षेत्र मे हुआ है। मै सदन को विश्वास दिलाता हू कि जो किसानो को तकलीफ आई है उस तकलीफ को दूर करने के लिए भविष्य के लिए तो हमे बहुत लम्बा सोचना पड़ेगा कि किस प्रकार से इस मोनो क्रॉपिग्स से हम पीछे हट सके। किस प्रकार से फसलो की दूसरी वैरायटी को हम आगे बढ़ाये जिससे किसानो की आमदनी और ज्याद बढ़ सके। गिरदावरी कराते समय हम यह सुनिश्चित करेगे कि किसानो का जो भी नुक्सान हुआ है सरकार उसकी भरपाई करेगी। इसके साथ साथ जो किसान की खरीफ की फसल आने वाली है उस फसल की खरीद को सुनिश्चित करने के लिए केन्द्र सरकार से सिफारिश करेगी कि आने वाली किसान की खरीफ की फसल की अच्छे से खरीद हो। जिस प्रकार से बाजरे की खरीद करने जा रहे है और सुरजमुखी की हमने खरीद की है। उस नाते से इस बात को भी हम सुनिश्चित करेगे। जिस विषय पर माननीय सदस्यो ने सवाल उठाये है

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		यह विषय वास्तव मे बहुत गम्भीर है और सरकार इसके प्रति गम्भीर और सजग है। इसके लिए सब्सिडी देने का अभी सरकार का कोई विचार नहींहै। पेस्टीसाईड मैनेजमैंट बिल राज्यसभा मे पैडिग है इसलिए पेस्टीसाईड के यूज के बारे मे हरियाणा और पजाब को मुझे लगता है कि और ज्यादा सोचने की जरूरत है। पेस्टीसाइड के ज्यादा प्रयोग से हमारे दोनो प्रदेशो मे कैंसर की महामारी फैल रही है। इसलिए पेस्टीसाईड का उपयोग कैसे कैसे हो इस बारे मे बहुत सजगता से सोचने की आवश्यकता है। जैसा कि मैने कहा कि पेस्टीसाईड मनेजमैंट बिल अभी केन्द्र सरकार के पास पैंडिंग है इसलिए इस बारे मे हमे सजगता से सोचने की जरूरत है। स्पीकर सर मै माननीय सदस्य को आश्वासन दे दिया है कि जो विषय इन्होने उठाया है वह विभाग भी मेरे पास है इसलिए मै उसका जल्दी से जल्दी कोई न कोई हल निकाल दूगा। अध्यक्ष महोदय विपक्ष के नेता ने जो फसल विविधिकरण की बात करते हुये बागवानी की		

फसलो के नुकसान की बात कही है उसका भी हम निश्चित रूप से ख्याल रखेगे। इसी तरह से नरमा की फसल मे सफेद मक्खी से हुए नुकसान के लिए भी मैने अपने उत्तर मे कहा है कि हम इसकी स्पेशल गिरदावरी करवायेगे। हम एक एक दाने का मुआवजा देगे। हमने पहले भी दिया है और आगे भी देगे इसके लिए इनको चिन्ता करने की जरूरत नहीं है। हम बहुत जल्द मुआवजा देगे।

मै बताना चाहूँगा कि हमने सबके लिए 500/ रुपए का सिस्टम लागू तो कर दिया है लेकिन जमश्न बहुत थोड़ी थोड़ी है किसी किसान की एक कनाल जमीन है किसी किसान की आधा कनाल जमीन है कहश पर एक एकड़ जमीन मे ही 60 60 70 70 व 100 100 हिस्सेदार है तथा वे मुआवजा राशि लेने नहींआए है। मै यह आश्वासन देना चाहूँगा कि हम कुल मिलाकर ईमानदारी से सभी किसानो को मुआवजा देगे।

मै बताना चाहूँगा कि कुल 55 गॉवो मे से 40 गॉवो की रिपोर्ट आ गई है तथा बाकी 15 गावों की रिपोर्ट 15 दिन के बाद आएगी और जिनके नुकसान की भरपाई अभी नहींहुई है उनके लिए जो भी उचित साधन होगा उससे भरपाई करेगे। चूकि आज फसल कटी हुई है इसलिए गिरदावरी का फैसला नहींहो सकता। आज उसका कोई न

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		कोई साइटिफिक तरीका ढूढना पड़ेगा ताकि वहा की शिकायत को दूर किया जा सके और जितनी सम्भव हो सकेगी उतनी भरपाई हम जरूर करेगे।		

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

CO-OPERATION DEPARTMENT

Note —In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
27	तारांकित प्रश्न 972 के सदर्भ मे श्री नफे सिह राठी द्वारा पूछा अनुपूरक प्रश्न — ''अध्यक्ष महोदय मैं माननीय मत्री जी से जानना चाहता हूँ कि क्या यह ठीक है कि किसी प्राईवेट एजेसी के पास हरियाणा सरकार के दो करोड रुपये जमा हुए और हरियाणा सरकार को उसका आर्थिक नुकसान हुआ ? मै मत्री महोदय से यह भी जानना चाहूगा कि क्या उस एजेसी के खिलाफ कोई कार्यवाही की गई और क्या सरकार इस राशी को ब्याज समेत वसूल करेगी ?''	6-3 2002 स्पीकर सर यह ठीक है कि यह राशी मई-जून 1991 मे दो करोड रुपये की दी गई थी और आवासीय वित्त निगम ने इसका निवेश किया था। यह राशि बैक रेगुलेशन एक्ट के तहत जमा की गई थी क्योकि इस एक्ट के तहत बैक डिपोजिट राशि का 25 प्रतिशत किसी मान्यता प्राप्त ट्रस्ट द्वारा प्रतिभूति मे जमा करवाना अनिवार्य होता है। इस राशि को वसूल करने के बारे मे हर सभव प्रयास किए जा रहे है। इस मामले मे दीवानी मुकदमा चलाया जा रहा है और इस पैसे को वसूल कर लिया जाएगा। क्योकि पैसा डिपोजिट करवाने से सबधित अधिकारी की डैथ हो चुकी है। अब दलाल फर्मों के विरूद्व दीवानी मुकदमा चल रहा है इसका जो भी निर्णय होगा वह सामने आ जाएगा।	सिविल केस जो कि माननीया न्यायाधीश श्रीमती परमजीत कौर सिविल जज चण्डीगढ के न्यायालय मे लम्बित था उसका दिनाक 16 4 2010 को बैंक के विरुद्ध फैसला हो गया। इस फैसले के विरुद्ध बैक ने माननीय जिला न्यायाधीश चण्डीगढ के न्यायालय मे अपील दायर की है जिसकी अपील 12 11 2013 को रद्द हो गई है। अपील के विरूद्ध बैक ने पजाब एव उच्च न्यायालय मे आर एस ए न० 2354/2014 दिनाक 22 8 2014 को दायर कर दी है। माननीय पजाब एव हरियाणा उच्च न्यायालय ने 5 5 2015 को नोटिस ऑफ मोशन जारी किया रिटर्न्ड बाए 24 8 2015 तथा अब अगली सुनवाई 6 11 2015 है। (28 09 2015)	कमेटी इस विषय मे केस की नवीतम स्थिति बारे जानना चाहती है। (28 09 2015)
28	तारांकित प्रश्न सख्या 401 के सदर्भ मे श्री सुभाष चौधरी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न अध्यक्ष महोदय जब पलवल	11 3 2011 अध्यक्ष महोदय छोटा बेटा हमेशा प्यारा होता है। पलवल सबसे छोटा जिला है और नया बना है। माननीय सदस्य थोडी सी तकलीफ	फरीदाबाद केन्द्रीय सहकारी बैक मे इस समय 33 शाखाए और 30 प्राथमिक कृषि सहकारी समितिया कार्यरत हैं इनमें	कमेटी इस विषय मे केस की नवीतम स्थिति बारे जानना

जिले का नम्बर आता है तो नो का जवाब दिया जाता है। इस प्रकार से तो हमे हरियाणा के नक्शे से ही हटा दो तो हम कहीं और से देख लेगे। पलवल में कोआप्रेटिव बैंक खोलने की माग मैं पिछले साल से कर रहा हू। (शोर एव व्यवधान)

करें और उस एरिया में रिकवरी थोडी सी बढवायें। आपका बैक घाटे मे चल रहा है। होडल का बैंक भी घाटे मे चल रहा है। पलवल का बैक घाटे मे चल रहा है। वहा पर रिकवरी मिनिमम है। ये रिकवरी को बढवा दे तो हम वहा पर बैक खोल देगे।

से फरीदाबाद जिले मे 10 शाखाए तथा 7 प्राथमिक कृषि सहकारी समितिया है और 23 शाखाए और 23 प्राथमिक कृषि सहकारी समितिया पलवल जिले मे आती है। फरीदाबाद जिले मे 7 प्राथमिक कृषि सहकारी समितियो मे से 2 प्राथमिक कृषि सहकारी समितिया फरीदाबाद नगर निगम क्षेत्र मे आती है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र मे तीव्रगति से शहरीकरण के कारण फरीदाबाद मे कृषि भूमि लगातार घटती जा रही है। इस प्रकार फरीदाबाद केन्द्रीय सहकारी बैक के पास कृषि ऋण देने के आसार नहीं रहेगे। दिनाक 31 3 2015 को फरीदाबाद जिले की 10 शाखाओं मे से 5 शाखाए घाटे मे चल रही है। इसी प्रकार पलवल जिले की 23 शाखाओ मे से 16 घाटे मे चल रही है।

दिनाक 30 6 2015 मे फरीदाबाद केन्द्रीय सहकारी बैक का बकाया ऋण मु० 574 84 करोड रुपये व अमानते 318 60 करोड थी। यदि फरीदाबाद केन्द्रीय सहकारी बैक मे से पलवल केन्द्रीय सहकारी बैक बनाया जाता है तो फरीदाबाद का बकाया ऋण मु० 116 36 करोड रुपये व अमानते 220 80 करोड रुपये बचेंगे और पलवल

चाहती है।

(28 09 2015)

केन्द्रीय सहकारी बैक मे से पलवल केन्द्रीय सहकारी बैंक सृजित किया जाता है तो फरीदाबाद केन्द्रीय सहकारी बैंक की स्थिति सुदृढ नहीं रह पाएगी और प्रस्तावित पलवल केन्द्रीय सहकारी बैक के पास कृषि ऋण की माग को पूरा करने के ससाधन नहीं होगे। इसलिए वित्तीय मानक यह अनुमति नहीं देते कि फरीदाबाद केन्द्रीय सहकारी बैक को विभाजित करके पलवल केन्द्रीय सहकारी बैक स्थापित किया जाए।

यहा यह भी विदित करवाना आवश्यक है कि बैंक को दो भागों मे बाटने के लिए नाबार्ड के माध्यम से भारतीय रिजर्व बैक से अग्रिम अनुमति लेना आवश्यक है। उपरोक्त तथ्यों को मध्यनजर रखते हुये फरीदाबाद केन्द्रीय सहकारी बैक से पलवल सहकारी बनाने की स्वीकृति मिलने की सम्भावना अति क्षीण है। इसके अतिरिक्त भारतीय रिजर्व बैक के दिशा निर्देशो अनुसार 31 मार्च 2012 के पश्चात् देशभर में कोई भी सहकारी बैक बिना भारतीय रिजर्व बैक से लाईसैंस प्राप्त किए बैंकिग कार्य नहीं कर सकेगा।

((28 09 2015))

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			केन्द्रीय सहकारी बैंक मे बकाया ऋण 458 48 करोड रुपये व अमानते 97 80 करोड रुपये होगी। इसके अतिरिक्त फरीदाबाद केन्द्रीय सहकारी बैंक की नवीनतम वसूली (30 6 2015) 44 48 / है। इसमे से फरीदाबाद जिले की वसूली 31 81 / तथा पलवल जिले की 44 52 / है जबकि पिछले वर्ष इसी दौरान 30 6 2014 मे फरीदाबाद केन्द्रीय सहकारी बैक की वसूली 41 29 / थी। इसमें से फरीदाबाद जिले की वसूली 32 66 / तथा पलवल जिले की वसूली 43 38 / थी व दिनाक 30 6 2013 (extended upto 15 7 2013) मे फरीदाबाद केन्द्रीय सहकारी बैक की वसूली 44 98 / है इसमें से फरीदाबाद जिले की वसूली 34 07 / तथा पलवल जिले की 47 73 / थी। इस प्रकार पलवल जिले की वसूली बढने की बजाये घट गई है। जैसा कि ऊपर दर्शाया गया है इससे प्रतीत होता है कि यदि फरीदाबाद	

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
29	तारांकित प्रश्न सख्या 2011 के सन्दर्भ मे श्री कृष्ण लाल पवार द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न- अध्यक्ष महोदय पानीपत शुगर मिल जो हरियाणा का सबसे पुराना शुगर मिल है जिसकी क्रशिग कैपेसिटी 18 हजार टन है और हाल ही मे मुख्यमत्री जी ने इसकी क्रशिग कैपेसिटी डबल करने की घोषणा की है और मत्री जी इसकी कैपेसिटी 30 हजार टन बढाने की बात कर रहे है मै आपके माध्यम से मत्री जी से पूछना चाहूगा कि क्या मत्री जी इस शुगर मिल की 36 हजार टन क्रशिग बढाएगे यदि बढाएगे तो कितने समय मे इसकी कैपेसिटी बढा दी जाएगी?	28 2 2014 ** मेरे भाई पवार साहब ने जो प्रश्न किया है मै उनको इन्श्योर करता हू। हम इस शुगर मिल की जल्दी ही तकरीबन 186 करोड रुपये की लागत से 30 हजार टन क्रशिग कैपेसिटी कर देगे।	पानीपत सहकारी चीनी मिल की पेराई क्षमता 1800 टन से 3500 टन करने के लिए आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं। इस प्रोजैक्ट को पूरा करने में लगभग दो वर्ष का समय लगने की सभावना है। (28 09 2015)	The Committee would like to know the latest position in this regard (28-09 2015)
30	श्रीमती सुमीता सिह द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सख्या 1981-क्या	28 2 2014 हा श्रीमान् जी।	करनाल शुगर मिल के विस्तारीकरण एव आधुनिकीकरण का प्रस्ताव विचाराधीन	The Committee would like to know

	सहकारिता मत्री कृपया बताएगे कि क्या करनाल सहकारी चीनी मिल के तकनीकी आधुनिकरण तथा दर्जा बढाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?		है । शुगर की कीमतो में लगातार गिरावट के कारण मिल द्वारा अपने पत्र सख्या 1428 दिनाक 3 4 2015 द्वारा प्रोजैक्ट की कुल लागत के लिए 10 प्रतिशत का प्रबन्ध करने मे असमर्थता जाहिर की है जोकि लोन लेने के लिए आवश्यक है । इसके उपरान्त मिल को एथनॉल डिस्टलरी एव सोलर पावर के प्लाट को पी पी मोड मे लगाने की सभावनाए तलाशने के लिए कार्यालय पत्र सख्या एस एम एफ 2015/टी ए एस /876 885 दिनाक 15 5 2015 द्वारा मिल को कहा गया है । (28 09 2015)	the latest position in this regard (28-09 2015)
31	श्री परमेन्द्र सिंह ढुल द्वारा दिये गये ध्यानाकर्षण प्रस्ताव सख्या 11 के सदर्भ मे।	24 03 2015 xx अध्यक्ष महोदय गन्ना किसानों द्वारा चीनी मिलो को प्रदान किये गये गन्ने का समय पर भुगतान करने के लिए सरकार द्वारा सभी आवश्यक कदम उठाए जायेगे। xx जिस समय पिराई का सीजन 2014 15 समाप्त होगा उसके तुरत बाद किसान की गन्ने की पेमैंट का भुगतान करवा दिया जायेगा।xx xx मै विश्वास दिलाता हूँ कि किसानो का पाई पाई का भुगतान कर दिया जायेगा।		
32	मुख्यमत्री महोदय द्वारा की गई घोषणा।	24 3 2015 सरकार ने एक और बात तय की है कि किसान जो अभी शॉर्ट टर्म क्रॉप लोन लेते है		

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		चाहे वह लोन हरको बैक से ले और चाहे को आप्रेटिव बैक से ले उसके लिए किसान को भविष्य मे ब्याज नहीं भरना पड़ेगा। इस लोन पर जीरो परसेट ब्याज होगा इसके लिए सरकार आज घोषण कर रही है। इस वर्ष का जो शॉर्ट टर्म लोन किसान ने लिया हुआ है उस ऋण के ब्याज की हमने तीन साल की रिशड्यूलिंग की है। उस ऋण को देने का समय फसल पर देय होता है लेकिन अब सरकार ने यह फैसला किया है कि उस ऋण को वह तीन साल मे दे सकेगा। इसी प्रकार से किसान की फसल खराब होने के कारण जो हानि उसे हुई है उसके कारण वह उस ऋण को तुरत दे नही पायेगा। इसके लिए किसान को सुविधा देने के लिए सरकार ने यह तय किया है कि किसान के एग्रीकल्चर के बिजली के बिल पिछले 6 महीने और आगे आने वाले 6 महीने के लिए जिस किसान की फसल का नुक्सान 25 से 60 प्रतिशत तक हुआ है उसको 50 प्रतिशत और जिस किसान की फसल 51 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक नुक्सान हुआ है उसका 100 प्रतिशत बिजली		

		का बिल माफ होगा। इस प्रकार से किसान को उसका लाभ मिलेगा।
33	ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर श्री परमेन्द्र सिंह ढुल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न XX नारायणगढ़ चीनी मिल की तरफ किसानो का जो पैसा बकाया है उसको देखते हुये क्या सरकार उसको टेकओवर करके किसानो का पैसा देगी और चीनी मिल को चलाने का प्रबन्ध करेगी ?XX	04 09 2015 XX मै कृषि मन्त्री होने के नाते सदन को आश्वस्त करता हूँ कि अगले साल किसानो को उसके गन्ने की समय पर पेमेट हो जायेगी। सभी गन्ना मिलो का पूरी तरह से सचालन करेगे और गन्ना किसानो का किसी प्रकार का कोई अहित नहीं होने देगे। XX
34	ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर श्रीमती किरण चौधरी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न XX मै माननीय मत्री महोदय से पूछना चाहती हूँ कि नारायणगढ़ शूगर मिल द्वारा किसानो की 51 करोड़ रुपए की राशि की अदायगी कब तक कर दी जायेगी ?XX	04 09 2015 XX मै फिर कहना चाहूँगा कि हमने नरायणगढ़ शूगर मिल को लोन तो सैक्शन कर दिया है लेकिन अभी तक उसकी पेमेट नहींकी है क्योकि नारायणगढ़ शूगर मिल के पास देने के लिए किसी भी प्रकार की सिक्योरिटी उपलब्ध नहींहै। यदि उनकी किसी भी प्रकार से सैकेडरी सिक्योरिटी बनती है तो उस बारे मे फिर से पुनर्मूल्याकन किया जा रहा है। यह जानने के लिए 3 लोगो की एक कमेटी बनाई गई है कि किसी भी तरीके से हम वह पैसा नारायणगढ़ शूगर मिल को दे सकते है अथवा नहीं। इसके बावजूद भी मैने आश्वासन दिया है कि यदि उस मिल की किसी भी प्रकार की सिक्योरिटी नहींबनती है तो सरकार

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		का यह मत है कि किसानो की पेमेट की अदायगी मे कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी।xx		
35	ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न xx उपाध्यक्ष महोदया यमुनानगर की शूगर मिल ने बोर्ड पर लिख दिया है कि अगली बार यह शूगर मिल नहींचलेगी इसलिए हमारी कोई जिम्मेवारी नहीहै। इस कारण लोग गन्ना नहींबो रहे है। क्या यह सरकार एश्योर करेगी कि अगर यमुनानगर की शूगर मिल अगले साल नहींचलाई जाएगी तो सरकार उसको टेकओवर करके चलाएगी ?xx	04 09 2015 उपाध्यक्ष महोदया मै माननीय साथी को बताना चाहता हूँ कि हम यह जानकारी प्राप्त कर लेगे और निश्चित तौर पर मै आश्वासन देना चाहॅगा कि सभी मिले अगले साल चलेगी और यदि कोई एक आध मिल विशेष परिस्थिति के कारण नहींचलेगी तो उसको हम टेक ओवर करके चलाएगे। अगले सत्र के लिए किसान भाई किसी प्रकार से चिंतित न हो।		
36	ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर श्री बलवान सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न xx अब तक शूगर मिल भूना के कितने कर्मचारियो को दूसरे विभागो मे समायोजित कर दिया गया है? यदि भूना शूगर मिल के	04 09 2015 उपाध्यक्ष महोदया मै आपके माध्यम से माननीय सदस्य श्री बलवान सिंह को बताना चाहूगा कि वे जो भूना शूगर मिल के कर्मचारियो को दूसरे विभागो मे समायोजित करने की बात कर रहे है उस बारे मे मै उनको यह बताना चाहूँगा कि		

सभी कर्मचारियो को अब तक दूसरे विभागो मे समायोजित नहीं किया गया तो 22 जनवरी 2015 को को ऑप्रेशन विभाग के प्रधान सचिव श्री आलोक निगम जी द्वारा इस शूगर मिल के कर्मचारियो को दूसरे विभागो मे समायोजित करने का जो शपथ पत्र हाई कोर्ट मे दिया गया था क्या वह महज एक छलावा था ?xx

अभी तक 46 कर्मचारियो को नियुक्ति पत्र प्रदान किये जा चुके है और 78 कर्मचारियो को नियुक्ति पत्र दिये जाने की तैयारी है। हमारी कोशिश रहेगी कि अगले मास मे इन 78 कर्मचारियो को भी नियुक्ति पत्र प्रदान कर दिये जाये। जिन कर्मचारियो की सेवा की अवधि बची हुई है पहले तो उनको प्रदेश की अन्य शूगर मिल्ज मे एडजस्ट किया जा रहा है और जो उसके बाद भी बच जायेगे उन्हे को ऑपरेटिव विभाग मे एडजस्ट किया जायेगा।xx

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

REVENUE AND DISASTER MANAGEMENT DEPARTMENT

Note —In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
37	श्री अमीर चन्द मक्कड द्वारा पूछे गए अतारांकित प्रश्न स० 11 के उत्तर मे — (क) क्या हासी मे गाव ढाणा रामपुरा मे महाराजा फरीदकोट से सबधित भूमि के आबटन के सबध मे कोई शिकायत प्राप्त हुई है तथा (ख) यदि ऐसा है तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उस पर क्या कार्यवाही की गई?	10-3 1992 (क) ग्राम ढाणा रामपुरा मे भूतपूर्व महाराजा फरीदकोट की भूमि से सबधित केवल एक शिकायत पत्र प्राप्त हुआ है **** इस बारे उल्लेख है। (ख) ऊपर खड (क) मे वर्णित स्थिति को ध्यान मे रखते हुए और सरप्लस भूमि का अलाटियो को मौके पर कब्जा दिलाते समय किसी प्रकार की हिसा की सभावना को रोकने के लिए और मामले को स्थाई ढग से निपटाने हेतु सभी सबधित पक्ष एव पार्टियो को विश्वास मे लेकर सभी उचित कदम उठाये जाएगे।	गाव ढाणा रामपुरा की सरपल्स भूमि बारे राजा हरिन्द्र सिह के वारसान ने माननीय पजाब तथा उच्च न्यायालय मे CWP No 2994 ऑफ 1991 दायर की हुई थी जिसका निर्णय हो चुका है। विषयाधीन मामले मे उपायुक्त हिसार ने सूचित किया है कि गाव ढाणा कला तहसील हासी जिला हिसार के कुल 62 अलाटियो को सरपल्स भूमि का कब्जा दिया जाना था जिसमे से 20 अलाटियो को सरपल्स भूमि का कब्जा दिया जा चुका है। शेष 42 लोगो को कब्जा दिलवाये जाने बारे उप मण्डल अधिकारी (ना0) एव विहित प्राधिकारी हासी को शीघ्र कार्यवाही करने बारे निर्देश जारी किये जा चुके है। (प्रति सलग्न) (18 08 2015)	The Committee would like to know the latest position in this regard (18 8 2015)

38	श्री राम निवास घोडेला द्वारा पूछा गया ताराकित प्रश्न सख्या 174 क्या राजस्व तथा आपदा प्रबन्धन मत्री कृपया बताएगे कि बरवाला शहर मे सचिवालय की इमारत कब तक निर्मित किए जाने की सभावना है जबकि शहर को उप-मडल का दर्जा दिया जा चुका है?	24 2 2012 लघु सचिवालय के निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि चिह्नित की जा रही है। भूमि प्राप्त होने के पश्चात भवन के निर्माण हेतु आवश्यक कदम उठाये जाएगे।	बरवाला हिसार मे उप मण्डल भवन के निर्माण हेतु निर्धारित नार्म के अनुसार 16 6 एकड मार्किट कमेटी बरवाला की भूमि का चयन किया गया है। भूमि को हस्तातरित करने बारे आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। (18 08 2015)	The Committee would like to know the latest position in this regard (18-08 15)
39	श्री कुलदीप शर्मा द्वारा पूछा गया ताराकित प्रश्न सख्या 360 क्या राजस्व तथा आपदा प्रबन्धन मत्री कृपया बताएगे कि गन्नौर मे लघु सचिवाल्य तथा न्यायिक परिसर का निर्माण कार्य कब तक पूरा किये जाने की सभावना है ?	13 3 2015 लघु सचिवालय उपमण्डल कार्यालय नागरिक परिसर गन्नौर का निर्माण कार्य दिनाक 31 3 2016 तक पूर्ण होने की सभावना है तथा न्यायिक परिसर गन्नौर का निर्माण कार्य दिनाक 30 4 2015 तक पूर्ण होने की सभावना है।		
40	श्री वेद नारग द्वारा पूछा गया ताराकित प्रश्न सख्या 447 क्या लोक निर्माण (भवन तथा सड़के) मत्री कृपया बताएगे कि क्या बरवाला मे उप मण्डल प्रशासकीय इमारत के निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है यदि हा तो उस पर कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की सभावना है ?	16 3 2015 हा श्रीमान जी। उप मण्डल बरवाला मे प्रशासनिक भवन निर्माण के लिए 16 6 एकड़ भूमि मार्किट कमेटी द्वारा चिन्हित की हुई है। भवन निर्माण बारे हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड पचकूला द्वारा भूमि राजस्व एव आपदा प्रबन्धन विभाग के नाम हस्तान्तरण करने उपरान्त मामले मे कार्यवाही तुरन्त अमल मे लाई जायेगी।		

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
41	राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान।	16 3 2015 अध्यक्ष महोदय हम सोचते है कि हमारे प्रदेश का किसान कैसे खुशहाल हो कैसे वह आगे बढ़े उन सब किसानो की चिन्ता हम करते है लेकिन किसानो के लिए क्या किया जाता है इस पर हमे जरूर सोचना होगा। किसान हित की बात सब कहते है अच्छी बात है कहनी चाहिए हमारा प्रदेश कृषि प्रधान होने के नाते 70% आबादी हमारी किसान की है। इसके लिए हम चिन्ता करते है इस महीने मे प्रथम सप्ताह मे वर्षा हुई ओलावृष्टि हुई दूसरी बार भी हुई अब भी तीन चार दिनो से मौसम खराब है लगातार किसान को हानि हो रही है नुकसान हो रहा है उसकी फसल एक तरह से खराब हो रही है। हमने उसकी विशेष रूप से गिरदावरी की बात कही है और उस विशेष गिरदावरी के नाते जैसे ही उसका रिजल्ट आएगा हम उनको सहायता पहुचाने मे देर नहीं करेगे। हम यह घोषणा करते है कि जैसे ही गिरदावरी की रिपोर्ट पूरी होती है उसके एक महीने के अन्दर अन्दर किसानो तक उनका मुआवजा पहुच जाएगा।		

		इस नुकसान को इसका जायजा लेने के लिए इसकी स्पैशल गिरदावरी तो होगी ही और हमने केन्द्रीय कृषि मत्री को भी पत्र लिखा है कि वह अपनी टीम भेजें और स्पैशल सैंट्रल एसिस्टैट उपलब्ध कराने के लिए हमने माग की है जो भी अधिक से अधिक होगा किसान के हित का ध्यान रखा जाएगा।
42	राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर मुख्यमत्री महोदय द्वारा उत्तर देते समय डॉक्टर रघुबीर सिंह कादियान द्वारा पूछा गया प्रश्न मै कहना चाहता हू कि कितनी फसल के नुकसान पर किसान को कितना मुआवजा दिया जाएगा ?	16 3 2015 अध्यक्ष महोदय जहा शत प्रतिशत फसल खराब हुई है वहा 10 हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा दिया जायेगा।
43	ताराकित प्रश्न सख्या 535 के सदर्भ मे श्री परमिन्दर सिह ढुल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न अध्यक्ष महोदय मै आपके माध्यम से माननीय मत्री जी से पूछना चाहता हूँ कि विधान सभा मे कैग की रिपोर्ट पेश की गई थी। कैग की रिपोर्ट के अदर इसी (वर्ष 2005 2014 तक आई एम टी मानेसर मे जमीन अधिग्रहण सबधी) जमीन का उल्लेख	18 3 2015 अध्यक्ष महोदय माननीय सदस्य ने जो विषय सदन मे रखा है कि कैग की रिपोर्ट मे भी कुछ अनिमितताए सामने आई है और कुछ बेकायदगिया प्रारम्भिक जाच के अन्दर अनुसधान मे यह दिखाई भी दे रहा है और सरकार यह समझती है कि इस मामलें मे और अधिक गहन अनुसधान करना चाहिए। यह उचित है और सरकार इस पर और ज्यादा गहराई से जाच करने जा रही है। यह जाच किस प्रकार की हो और इसके लिए

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	करके यह कहा गया था कि नियम को ताक पर रखकर गलत काम करके इन जमीनो को छोड़ा गया था। जब माननीय मत्री जी के पास आधार मौजूद है तो किस प्रकार की जाच करवाना चाहते है? यह तो क्लीयर करे कि इस मामले की जाच कितने समय मे करवायेगे? जब आपके पास कैग की रिपोर्ट मौजूद है इस जमीन के घोटाले के अन्दर आपके पास हर प्रकार की चीज विधान सभा मे मौजूद है तो कब तक इस बात को क्लीयर करेगे? कृपया स्पष्ट करे। अध्यक्ष जी क्या मत्री जी सरकार को आश्वस्त करेगे कि इस भूमि घोटाले की माननीय उच्च न्यायालय के किसी रिटायर्ड जज या सिटिंग जज से इन्कवायरी की जाएगी ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके।	कौन उपयुक्त रहेगा और वह जाच किस समय सीमा के अदर की जाएगी। इस वक्त सदन के पटल पर आश्वासन देना उचित नही होगा। लेकिन सरकार की नीयत साफ है। जो जमीन से सबधित मामले है जैसा माननीय मुख्यमत्री जी ने पहले भी कहा है हम निश्चित तौर पर उसकी जाच कराएगे। इस मामले को सरकार अति महत्वपूर्ण तथा जाच के योग्य मानती है। अध्यक्ष महोदय माननीय सभासद ने अच्छा सुझाव दिया है और सरकार से उत्तर मागा है। सरकार किसी माननीय उच्च न्यायालय के रिटायर्ड जज या सिटिग जज से इसकी इन्कवायरी कमीशन बनाकर इन्कवायरी करने का आश्वासन देती है। लेकिन अभी यह कहना सभव नही होगा कि किस स्तर की जाच होगी और जाच कौन करेगा। मै पूरे सदन को विश्वास दिलाता हू कि सरकार पूरी तरह से जाच करके दूध का दूध और पानी का पानी करने के लिए वचनबद्ध है और सकल्पबद्ध है। निश्चित तौर से सरकार इसकी जाच भी करेगी और कार्यवाही भी करेगी।		

18 3 2015

44	तारांकित प्रश्न सख्या 535 के सन्दर्भ मे श्री कर्ण सिह दलाल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न XXX अध्यक्ष महोदय सरकार बनने के बाद माननीय मत्री जी जॉच की बात कर रहे है। मै आपके माध्यम से माननीय मत्री जी से जानना चाहता हू कि इन्होंने रेवाड़ी जिले के अदर सैकड़ो एकड़ जमीन रिलीज की है जिस पर सैक्शन 4 6 9 लगा दिया गया था। क्या इस बारे मे भी मत्री जी जॉच करवायेगे। इसमे इन्होने अपनी पार्टी के वरिष्ठ मत्रियो विधायको और ओहदेदारो की जमीन भी छोडी है।	अध्यक्ष जी पहली बार सदन मे माननीय सदस्य की आत्मा की आवाज को बाहर निकलते हुए देख रहा हू। सच्चाई छुप नहीं सकती है। माननीय सदस्य की भावना को मै केवल इस रूप मे प्रस्तुत कर रहा था कि यह एक मौलिक अतर है जो पहले जमीन लेकर फिर छोड़ने का विषय प्रकाश मे आया है। उस समय किसी न किसी रियल एस्टेट बिल्डर या किसी बड़े नामी गिरामी आदमी या सरकार के चहेते लोगो के कारण गरीब किसान को सैक्शन 4 6 का डर दिखाकर जमीन को खरीद लिया गया और उसको बाद मे हस्तातरित करके फिर जमीन छोड़ने के मामले सामने आये हैं। हमारी सरकार बनने के बाद हमने निर्णय लिया कि किसानो भूस्वामियो की पुरजोर माग पर और लगातार एक पूरी प्रक्रिया के बाद किसानों को अपना पक्ष रखने के बाद ही जमीन ली जाएगी। जहा तक माननीय साथी ने रेवाड़ी जिले मे जमीन छोड़ने की बात की है इसमे अतत किसान ने जिस मुआवजा राशि की पेशकश की थी लेकिन जब किसानो ने उसको स्वीकार नही किया तो अतत हरियाणा सरकार ने यह निर्णय लिया और फिर भी अगर कोई अनियमितता माननीय सदस्य को लगती है तो वह हमारी जानकारी मे लाए। उसकी हम जॉच

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		करवाऐगे। हम अपने आप मे पूरी तरह से खुली किताब हैं।		
45	श्रीमती किरण चौधरी द्वारा पूछा गया ताराकित प्रश्न सख्या 75 क्या राजस्व एव आपदा प्रबन्धन मत्री कृपया बताएगे कि क्या यह है कि जिला भिवानी मे भूमि की चकबन्दी का कार्य अब तक नहीं किया गया है यदि हा तो चकबन्दी का कार्य कब तक किए जाने की सभावना है ?	24 3 2015 श्री मानजी जिला भिवानी मे 44 गॉव है जिनमे चकबदी कार्य पूर्ण नहीं हुआ है। इन 44 गॉवो मे से 24 गॉवो मे चकबदी कार्य प्रगति पर है और पूर्णता के विभिन्न चरणो मे है। ये 24 गॉव है लाड रामबास उमरवास काकडौली हट्टी जगरामवास बेरला बाबरवास खरकड़ी पहाड़ी लेघाभनान प्रेमनगर तिवाला जुईखुर्द छपार गोकलपुरा मण्डौलीकला पैन्तावासखुर्द चहडकला पटौदी थिलौड़ कान्हड़ा मिरान खोरड़ा व सण्डवा मे चकबदी कार्य प्रगति पर है। एक गाव के चकबदी कार्य को पूर्ण करने के छ चरण है जो कि प्रारभिक रिकार्ड तैयार करना चकबदी स्कीम का प्रकाशन व इसकी पुष्टि जोतो की तकसीम कब्जे तबदील अतिम सत्यापन और दाखिला रिकार्ड। इसके अतिरिक्त 14 गॉव नामत माईकला माईखुर्द पिचोपाखुर्द विन्द्राबन लाडावास टोडी		

		ढाणीफोगाट चन्देनी बीड़समसपुर कुब्जानगर सिधानी सरल दरियापुर व निमड वर्ष 1988 89 मे भू स्वामियो के सहयोग न देने के कारण डि नोटिफाईड हो चुके है। नोटिफिकेशन पुन जारी नहीं किया गया है क्योकि भू स्वामियो से कोई प्रार्थना पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। छ गॉव नामत कितलाना घघाला गोकल गुडाना झोझुखुर्द व अटेला खुर्द मे चकबदी कार्य शुरू नहीं हुआ है क्योकि राजस्व विभाग से पूर्ण किया गया राजस्व रिकार्ड एकत्रित किया जा रहा है और पूर्ण राजस्व रिकार्ड उपलब्ध होने पर कार्यवाही तुरत पूर्ण कर ली जायेगी।
		24 3 2015
46	मुख्यमत्री महोदय द्वारा की गई घोषणा।	अध्यक्ष महोदय मुझे यह बात सदन मे बताते हुए बड़ी प्रसन्नता हो रही है कि भारत के प्रधानमत्री श्री नरेन्द्र मोदी कल शहीदी दिवस के अवसर पर हुसैनीवाला गए थे और उन्होने वहा पर किसानो के लिए कई घोषणाए की। उन्होने इस क्षेत्र के अदर वर्षा और ओलावृष्टि से नुक्सान की भरपाई की घोषणा की है। उन्होने दूसरी घोषणा यह की है कि किसानो को 60 वर्ष की आयु के बाद 5 हजार रुपये मासिक पैशन दी जाएगी।

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
47	मुख्यमत्री महोदय द्वारा की गई घोषणा के सदर्भ मे श्री परमिन्द्र सिह ढुल द्वारा पूछा गया प्रश्न माननीय सदन के नेता ने जो घोषणा अभी सदन मे की है मेरे हल्के मे लोग एजीटेशन कर रहे है माग कर रहे है तथा भीख माग रहे है कि उनके खेतो मे बेमौसमी बारिश व ओलावृष्टि से फसलो के हुए नुक्सान की गिरदावरी की जाये। लेकिन मेरे हल्के मे सरकार द्वारा अभी तक एक भी एकड़ जमश्न की गिरदावरी नहीं करवाई गई है। मै आपके माध्यम से प्रार्थना करना चाहूगा कि माननीय मत्री महोदय कृपया बताये कि आखिर सच्चाई क्या है ?	24 3 2015 इस बारे मे मै कहना चाहूगा कि माननीय मुख्यमत्री महोदय ने अभी सदन मे किसानो को राहत देने की घोषणाये की है कि पूरे हरियाणा मे जहा जहा भी बेमौसमी बारिश व ओलावृष्टि के कारण फसलो का नुक्सान हुआ है सभी जिलो मे 31 मार्च 2015 तक स्पैशल गिरदावरी पूर्ण कर ली जायेगी।		
48	राज्य मे हुई बेमौसमी बारिश एव ओलावृष्टि से हुए फसलो के नुक्सान की स्पैशल गिरदावरी करवाने एव इस सबध मे मुख्यमत्री महोदय द्वारा की गई घोषणा	24 3 2015 अध्यक्ष महोदय जिन रिपोटर्स की मै बात कर रहा हू ये अभी प्रारम्भिक रिपोर्ट है। सारी रिपोटर्स आ गई हो ऐसा नही है। 31 मार्च तक हमने कहा हुआ है कि पूरी रिपोटर्स आएगी। सयोग		

	के सदर्भ मे।	से जश्द जिले की रिपोर्ट अभी तक आई नही है इसलिए यह कहना कि जश्द जिले से 10 परसैट की रिपोर्ट आई है या 15 परसैट नुकसान की रिपोर्ट आई है ऐसा नहीं है। बहुत से जिले ऐसे है जहा से डैमेज का कोई समाचार नही है। ये प्रारम्भिक रिपोटर्स है और फाइनल रिपोटर्स नहीं है। फाइनल रिपोटर्स 31 मार्च तक आएगी तथा अभी गिरदावरी चल रही है। कहश गिरदावरी एक ब्लाक मे हुई है या कहश दो ब्लाकों मे हुई है। कहश आधी गिरदावरी हो गई है कहश अभी हो रही है लेकिन जितना प्रारम्भिक असैसमैट होता है वह आया है।
		25 3 2015
49	श्री वेद नारग द्वारा पूछा गया ताराकित प्रश्न सख्या 449 क्या राजस्व तथा आपदा प्रबन्धन मत्री कृपया बताएगे कि क्या बरवाला निर्वाचनक्षेत्र के गावों मे वाइट फ्लाई (सफेद मक्खी) की बीमारी द्वारा हुई फसलो की हानि के कारण मुआवजा देने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है यदि हा तो उसका ब्यौरा क्या है ?	जी हॉ श्रीमान उपायुक्त हिसार को सफेद मक्खी की वजह से फसलो को हुए नकसान के कारण 27 42 24 500/ रुपये की राशि स्वीकृत की गई। इस राशि मे बरवाला निर्वाचन क्षेत्र के गाव के किसानो को दिया जाने वाला मुआवजा भी शामिल है।
		04 09 2015
50	श्री राजदीप फोगाट द्वारा पूछा गया	अध्यक्ष महोदय माननीय मुख्यमत्री महोदय ने

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	तारांकित प्रश्न सख्या 701 क्या राजस्व एव आपदा प्रबन्धन मत्री कृपया बताएगे कि क्या चरखी दादरी को जिला घोषित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है यदि हा तो इसे ऐसा कब तक घोषित किए जाने की सभावना है ?	चरखी दादरी को जिले का दर्जा देने की घोषणा दिनाक 06 04 2015 को की थी और यह निर्णय लिया गया कि श्री ओमप्रकाश धनखड़ कृषि मत्री की अध्यक्षता मे तीन सदस्यो की कमेटी चरखी दादरी को नये जिले का दर्जा देने की माग बारे विचार विमर्श करेगी। मामला उक्त कमेटी के विचाराधीन है। वर्तमान मे इसकी कोई समय सीमा निर्धारित नहीं है।		
51	किसानो की कपास की फसल पर सफेद मक्खी की वजह से हुए नुकसान का मुआवजा देने सबधी श्री अभय सिह चौटाला एव अन्य विधायको द्वारा दिए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के सदर्भ मे।	30 11 2015 xx आदरणीय उपाध्यक्ष महोदया कृषि विभाग से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर सरकार ने कीटो के हमले के कारण फसलो को होने वाले नुकसान के आकलन के लिए सभी उपायुक्तो को विशेष गिरदावरी के आदेश दिये है। विशेष गिरदावरी की प्रक्रिया चल रही है और रिपोर्ट शीघ्र आने की सम्भावना है। राज्य सरकार द्वारा तय की गई राहत राशि जो कि केन्द्र सरकार द्वारा तय की गई राहत मानदण्डो की तुलना मे अधिक है के अनुसार प्रभावित किसानो को मुआवजा राशि का विशेष गिरदावरी की रिपोर्ट के आधार पर		

		भुगतान किया जाएगा। राज्य सरकार किसानों के हितो की रक्षा के लिए उत्सुक है तथा खराब हुई फसलो की मुआवजा राशि वितरण का कार्य सभी जिलो से अन्तिम रिपोर्टस प्राप्त होने पर तुरन्त किया जाएगा।
		30 11 2015
52	किसानो की कपास की फसल पर सफेद मक्खी की वजह से हुए नुकसान का मुआवजा देने सबधी श्री अभय सिह चौटाला एव अन्य विधायको द्वारा दिए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के सदर्भ मे।	XX अध्यक्ष जी हम स्टॉक की वैरीफिकेशन करवाएगे और स्टॉक वैरीफिकेशन हम डिपार्टमैट के ऑफिसर से न करवाकर सम्बधित डी सी की चेयरमैनशिप मे करवाएगे। XX अध्यक्ष महोदय हम डिप्टी कमिशनर की बजाय एफ सी आर को इन्चार्ज बनाकर दस के दस जिलो की हम फिजिकल वैरीफिकेशन करवाएगे।

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

INDUSTRIES & COMMERCE DEPARTMENT

Note —In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
53	श्री धर्मपाल सिह मलिक एम०एल०ए० द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सख्या 578 क्या उद्योग मत्री कृपया बताएगे कि— (क) क्या गोहाना तथा खरखोदा जिला सोनीपत मे औद्योगिक मॉडल नगर क्षेत्र विकसित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा (ख) यदि हॉ तो इस सबध मे अब तक क्या प्रगति हुई?	13 3 2007 (क) हॉ श्रीमान जी। खरखौदा जिला सोनीपत मे औद्योगिक मॉडल नगर क्षेत्र के विकास के लिए एक प्रस्ताव है। परन्तु गोहाना जिला सोनीपत मे औद्योगिक नगर क्षेत्र के विकास के लिए कोई प्रस्ताव नही है। (ख) भूमि अधिग्रहण अधिनियम 1894 की धारा 4 के अन्तर्गत खरखौदा जिला सोनीपत मे औद्योगिक नगर क्षेत्र के विकास हेतु भूमि चयन के लिए प्राथमिक सर्वेक्षण तथा अधिसूचना के प्रारूप की तैयारी प्रगति पर है।	(क) तहसील खरखैदा जिला सोनीपत मे गोपालपुर पीपली, सैदपुर, कुण्डल, रामपुर फिरोजपुर बागड निजामपुर खुर्द, सेहरी पहलादपुर तथा बरोना गावो की राजस्व सम्पदाओ औद्योगिक आवासीय सस्थागत वाणिज्यिक क्षेत्रो इत्यादि वाली खरखौदा आई एम टी के विकास के लिए एक हित उद्देश्य के लिए 3364 एकड भूमि धारा 4 के अन्तर्गत अधिसूचित की गई थी। भूमि अधिग्रहण अधिनियम की धारा 5ए के अन्तर्गत आपत्तियो की सुनवाई के बाद दिनाक 4 4 2011 को लगभग 3302 एकड भूमि धारा 6 के अन्तर्गत अधिसूचित की गई थी तथा मार्च अप्रैल 2013 मे अवार्ड की घोषणा कर दी गई है। आगे क्षेत्र की योजना को भी अन्तिम रूप दिया जा चुका है।	The Committee would like to know the latest position in this regard (5 10-2015)

(ख) गोहाना मे एक औद्योगिक सम्पदा विकसित करने की बजाय यह निर्णय लिया गया था कि लाठ विधल गावो मे 3500 4000 एकड भूमि पर एक औद्योगिक मॉडल टाउनशिप पी पी पी के जरिये विकसित किया जाये। इसलिए गाव जौली, बीधल लाठ एव भैंसवाल कला तहसील गोहाना जिला सोनीपत की राजस्व सम्पदा मे एक सारगर्भित औद्योगिक मॉडल टाउनशिप विकसित करने के लिए 15 1 2013 को लगभग 3398 एकड भूमि धारा 4 के अन्तर्गत अधिसूचित की गई थी। उसके पश्चात् 31 12 2013 को 3389 एकड भूमि धारा 6 के अन्तर्गत अधिसूचित कर दी गई थी। अवार्ड अभिघोषित किया जाना है।

इसके अतिरिक्त तहसील गोहाना जिला सोनीपत के गावो लाठ भैसवाल बवाला भैसवाल मिठान, केटवाल एव बाली ब्राह्मण की राजस्व सम्पदा मे एक सारगर्भित औद्योगिक मॉडल टाउनशिप विकास

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			के लिए 5 6 2013 को धारा 4 के अन्तर्गत लगभग 2593 एकड भूमि भी अधिसूचित की गई थी। बाद मे लगभग 2591 एकड भूमि 24 5 2014 के धारा 6 के अन्तर्गत अधिसूचित की गई थी। अवार्ड अभी घोषित किया जाना है। (5 10 2015)	
54	तारांकित प्रश्न सख्या 969 के सदर्भ में श्री देवेन्द्र कुमार बसल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न अध्यक्ष महोदय मै आपके माध्यम से मत्री जी से पूछना चाहूँगा कि टोका नदी पर गाव अलीपुर से टोका चौक तक पुल का निर्माण कब शुरू हो जायेगा और कितनी लागत से होगा? मेरी दूसरी सप्लीमैंटरी यह हे कि पिछली बार सदन मे खेतपुराली गाव के पास टागरी के ब्रिज की परमिशन दी गई थी और यह बताया गया था कि यह पुल पाच करोड रुपये की लागत से बनेगा तो मै मत्री जी से यह पूछना	09 03 2012 अध्यक्ष महोदय जहा तक इस पुल का प्रश्न है ये टोका नदी पर है जो अलीपुर से टोका चौक जा रहा है उसकी क्रासिग के ऊपर यह पुल है। हमने 17 दिसम्बर 2010 को चार करोड रुपये की लागत से इस ब्रिज का निर्माण कार्य मजूर कर दिय था। यह ब्रिज हमने फिजिबिलिटी स्ट्डी के लिए आई आई टी रूडकी को दिया क्योंकि जो ज्यादातर सडक है उसका लैवल रिवर बैक के बिल्कुल ऊपर है। It is very scoot kind of bridge that would be constructed So we went to IIT Roorkee Professor Koshyari who is one of the leading lights on designing of bridges in the country We particularly requested	औद्योगिक सम्पदा बरवाला (फेज II) के निर्माण हेतु अलीपुर टोका सडक मार्ग व टोका नदी का कुछ क्षेत्र हरियाणा राज्य औद्योगिक व आधारभूत निगम द्वारा 12 12 11 का अधिग्रहण किया गया। बरवाला (फेज-II) का क्षेत्र जो कि कोर्ट केस से मुक्त है। उसके निर्माण हेतु कार्य की प्रगति चल रही है। उपरोक्त के कारण अलीपुर टोका सडक को धवस्त करने की योजना बनाई गई है तथा अलीपुर व टोका	The Committee would like to know the latest position in this regard (5 10 2015)

	चाहता हूँ कि वह पुल भी कब शुरू होगा ?	him to come because we wanted to ensure safety simultaneously which is of paramount importance वे खुद यहा पर आए थे और उन्होने यह एडवाईज किया कि इस पर्टिकुलर पॉईंट पर ब्रिज बनाना सभव नहीं होगा and he has advised us to go a little towards on the right side and we are acquiring some additional land of 2 14 acres and we have got the design approved from him The cost has now gone up from 4 crores to 8 5 crores on account of the design additional land acquisition and change of place So we have now got that and we are now proceeding to get the necessary approval and then we will issue the tenders The second supplementary that my learned friend asked was regarding the Khet Purrali bridge the tenders have already been invited	के ग्रामीणो की आवा जाही हेतु नई व बढी सडक बनवाने हेतु बरवाला फेज II मे योजना बनाई जा रही है । (5-10 2015)	
		28 02 2014		
55	डॉ० हरी चद मिड्ढा द्वारा पूछा गया ताराकित प्रश्न सख्या 1801 क्या कृषि उद्योग एव वाणिज्य मत्री कृपया बताएगे कि जीन्द मे 250 एकड भूमि पर औद्योगिक क्षेत्र/सैक्टर स्थापित करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग पठाए	(क) श्रीमान् अनेकों विकल्पो की जाच की गई है तथा यह प्रस्ताव विचाराधीन है ।	जीन्द में वर्तमान सम्पदा की स्थिति गाव जलालपुर खुर्द मे 25 एकड जो 1980 मे जीन्द हासी रोड पर भूमि क्षेत्र अधिग्रहण किया गया था उस पद एक लघु औद्योगिक सम्पदा स्थापित की गई है। उपरोक्त	The Committee would like to know the latest position in this regard (5 10 2015)

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	इसलिए कब तक ये सुविधाए उन कालोनीज मे उपलब्ध करवाई जायेगी ?	अधिग्रहण कार्य मे कोई अवरोध नही हुआ तो पोजैशन दे दिया जायेगा। अध्यक्ष महोदय जहा तक माननीय साथी ने डिवैल्पमैट की बात की है तो इस बारे मे मै सदन मे जानकारी देने चाहूगा कि इन कालोनीज मे डिवैल्पमैट के कार्य को लेकर सरकार गभीर है और इस पर जल्द से जल्द कार्यवाही करके डिवैल्पमैट का कार्य जल्द ही पूरा किया जायेगा।	चल रहा है। कुल 4854 बस्तियो/गावो मे प्लाट अलॉट किए गए है जिनमे से 3318 बस्तियो/गावो मे गलिया/नालिया बना दी गई हैं। 491 बस्तियो/गावो मे बिजली की लाइने उपलब्ध करा दी गई तथा 123 बस्तियो/गावो मे पीने के पानी की लाईने बिछा दी गई है। यह कार्य बजट की उपलब्ध अनुसार किया जा रहा है क्योकि इस कार्य पर लगभग 1000 करोड रुपए का खर्च होने का अनुमान है। जैसे–2 बजट की उपलब्धता होगी ये कार्य पूर्ण कर दिए जायेगे। (07 12 2015)	
273	ताराकित प्रश्न सख्या 1325 के सदर्भ मे श्री आनन्द सिह दागी द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न-- स्पीकर सर मै आपके माध्यम से माननीय मत्री जी को बताना चाहूगा कि यह एक सीधी सी बात है कि	04 03 2013 अध्यक्ष महोदय यह जो समस्य है जैसा मैने पहले भी बताया कि केवल हरियाणा की नहीं है बल्कि पजाब और दिल्ली मे भी इस तरह की समस्या है। जहा तक हरियाणा का सबध है हमने इस बारे मे मुख्य सचिव की अध्यक्षता मे एक कमेटी का गठन कर		

	फिरनी और लाल डोरे के बीच के जो मकान है क्या आप उनको भी सभी सुविधाए लाल डोरे के अदर वाले मकानो की तरह प्रदान करवाने की व्यवस्था करेगे?	दिया है तथा हम उस पर रिपोद्ग का इतजार कर रहे है। WE are waiting for that re port we are well aware of this problem इससे क्या रास्ता निकलता है क्या हल निकल सकता है यह कमेटी देखेगी और जिन साथियो ने आज जो सुझाव दिये है कमेटी उनको भी कसीडर करेगी।
274	ताराकित प्रश्न सख्या 119 के सन्दर्भ मे श्री महीपाल ढाडा द्वारा पूछा गया प्रश्न क्या विकास तथा पचायत मत्री कृपया बताएगे कि क्या पानीपत (ग्रामीण) निर्वाचनक्षेत्र मे गाव दीवाना की फिरनी के निर्माण के लिए बजट/निधिया आबटित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है यदि हा तो पूर्वोक्त फिरनी के कार्य को कब तक पूरा किए जाने की सभावना है?	10 3 2015 अध्यक्ष जी फिरनी का निर्माण पहले ही किया जा चुका है। कुछ जगह पर मरम्मत की आवश्यकता है जिसे अगले वित्त वर्ष मे किया जाएगा।
275	ताराकित प्रश्न सख्या 233 के सन्दर्भ मे श्री उमेश अग्रवाल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न अध्यक्ष महोदय आपके माध्यम से माननीय मत्री जी से जानना चाहूगा कि जैसा कि माननीय मत्री जी	16 03 2015 अध्यक्ष महोदय माननीय साथी ने जो इस केस के बारे मे कहा है यह वाकई मे ही सदिग्ध केस है और इसकी जाच कराई जानी चाहिए। अध्यक्ष महोदय माननीय सदस्य उमेश अग्रवाल जी और आप सब जानते है कि हमारी सरकार की

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	ने बताया कि गुड़गाव इदिरा आवास योजना के तहत छोटे छोटे मकान बने हुए थे। मै माननीय मत्री जी से आपके माध्यम से पूछना चाहता हू कि इदिरा आवास योजना के तहत जो मकान बने हुए थे वे निश्चित रूप से सिंगल स्टोरी के ही होगे तथा छोटे छोटे मकान ही होगे उनमे कितने असुरक्षित मकान थे क्या वहा पर कोई बिल्डिग गिरने वाली थी तथा वहा पर क्या कार्य होने वाला था? जैसा मत्री जी ने बताया कि इसमे अनियमितता बरती गई है और एक दिन मे ही सारे काम कर दिए गए है और हजारो करोड़ो रुपये की लागत से फाइव स्टार होटल को लाभ पहुचाने के लिए निगमायुक्त की तरफ से एक तरफा कार्यवाही की गई है। अध्यक्ष महोदय मै आपके माध्यम से मत्री महोदय से पूछना चाहता हू कि जिस अधिकारी द्वारा यह एक तरफा कार्यवाही की गई है क्या उस अधिकारी के खिलाफ कोई	भ्रष्टाचार की जीरो टोलरैस की नीति है। इस केस मे जो तथ्य फाइल पर उपलब्ध है उनसे बिल्कुल यह सिद्ध हो रहा है कि इसमे किसी को फायदा पहुचाने के लिए नियमो को ताक पर रखकर यह सब प्रक्रिया अपनाई गई है। यदि सदस्य इसकी जाच करवाना चाहते है तो मै समझता हू कि इसकी विजीलैस जाच करवाई जानी चाहिए ताकि सारे तथ्य सामने आ जाए।(विघ्न) गुड़गाव मे तो इस तरह के बहुत से मुद्दे होगे इसलिए आप लोग यहा मुद्दे लाते रहिए और हम जाच कराते रहेगे।		

	कार्यवाही की गई है या सरकार भविष्य मे कोई कार्यवाही करने वाली है ताकि आगे से कोई और अधिकारी इस तरह की कार्यवाही न कर सके।		
276	तारांकित प्रश्न सख्या 350 के सदर्भ मे श्री राजदीप फौगाट द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न अध्यक्ष महोदय इसलिए मै आपके माध्यम से मत्री जी से निवेदन करना चाहता हू कि दादरी शहर मे 2 3 नये पार्क विकसित किए जाये। इसके साथ साथ मै मत्री जी से यह भी पूछना चाहता हू कि बौद कला बहुत बड़ा कस्बा है और उप तहसील भी है। वहा की करीबन 40 हजार की आबादी है क्या वहा सरकार द्वारा कोई पार्क विकसित करने की योजना है ?	17 3 2015	हम निश्चित रूप से दादरी मे पार्क बनवाने के लिए बात करेगे। जहा तक माननीय साथी ने बौद कला मे पार्क विकसित करने की बात की है। इस बारे मे यदि पचायत की तरफ से कोई प्रपोजल आता है तो उसको हम आगे बढ़ायेगे।
277	तारांकित प्रश्न सख्या 534 के सन्दर्भ मे श्री ओम प्रकाश यादव द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न क्या विकास एव पचायत मत्री कृपया बताएगे कि क) क्या यह तथ्य है कि दिसम्बर 2009 मे गाव उहलावास गुड़गाव की 5 एकड़ तथा 3 मरला पचायत की	18 03 2015	(क) हॉ श्रीमान जी। हालाकि न्यास की प्रार्थना पर पत्र दिनाक 28 2 2014 द्वारा निर्माण की अवधि 7 1 2017 तक बढ़ाई गई थी। अभी तक 1200 वर्ग फुट के शैड का निर्माण किया गया है। (ख) मामले का निरीक्षण किया जा रहा है। इस मामले मे बार बार प्रश्न उठ रहे है।

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	भूमि राजीव गाधी चैरिटेबल ट्रस्ट को एक चैरिटेबल नेत्र अस्पताल स्थापित करने के लिए 3 लाख रुपये प्रति एकड़ की दर से पाच प्रतिशत वार्षिक बढोतरी के साथ 33 वर्षो के लिए पटटे पर दी थी तथा पटटे के अनुबन्ध के अनुसार अस्पताल दो वर्षो की अवधि के अन्दर निर्मित किया जायेगा यदि हा तो योजना की स्थिति क्या है तथा (ख) क्या उपरोक्त पट्टा भूमि मे कोई अवैधता थी ? अध्यक्ष महोदय मै माननीय मत्री महोदय से यह जानना चाहता हू कि राजीव गाधी धर्मार्थ ट्रस्ट को जो यह जमीन दी गई उसकी अलॉटमेट के लिए क्या दूसरी धमार्थ सस्थानो से एप्लीकेशन मागी गई थी या केवल राजीव गान्धी धमार्थ ट्रस्ट से एप्लीकेशन लेकर जमीन	इसलिए इन सब तथ्यो व इसके इतिहास को देखते हुए लगता है तथा माननीय सदस्य की मशा भी यही है कि इस सारे मामले की जॉच की जाए क्योकि बार बार नियमो मे सशोधन किया गया तथा निर्माण की अवधि बढ़ाई गई। इसलिए मै माननीय सदस्य को विश्वास दिलाना चाहूगा कि इस मामले की जॉच मे हम आगे बढ़ेगे। अध्यक्ष महोदय इस सबध मे मेरे पास इस समय जानकारी नही है कि दूसरी सस्थाओ को बुलाकर पहल के आधार पर यह जमीन दी गई हो। उस दौरान बहुत सी सस्थाओं को किसी अन्य स्थान पर भी जमीने लीज पर दी गई है और यह विभाग के सामने जाच का विषय है। अध्यक्ष महोदय दो सालो का समय ऐसा रहा है जिसमे काफी सस्थाओ को लीज पर जमीने दी गई है। माननीय सदस्य ने सवाल उठाया है मै उनको बताना चाहूगा कि हमे उन सबके बीच मे जाने की आवश्यकता है। पचायत की तरफ से अगर कोई ऐसा प्रस्ताव आता है कि पचायत अपनी भूमि वापिस लेना चाहती है		

	अलॉट कर दी। अध्यक्ष महोदय जैसा मत्री जी ने कहा कि दो साल की अवधि मे यह हस्पताल बनना था लेकिन उस पर अभी तक हस्पताल नही बना है। इसलिए जिस परपज के लिए यह जमीन ली गई थी वह परपज पूरा नही हुआ है तो क्या यह जमीन ग्राम पचायत को वापिस लौटाई जाएगी ?	तो सरकार उस वर विचार करेगी।
278	ताराकित प्रश्न सख्या 534 के सदर्भ मे श्री रणधीर सिह कापड़ीवास द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न अध्यक्ष महोदय इसी तरह का केस हमारे विधान सभा क्षेत्र गाव माजरा श्योराज का है। एफ सी पचायती राज द्वारा 6 12 2013 को उस गाव मे 27 एकड़ 6 कैनाल और 13 मरला जमीन आर्डर न 480 दिनाक 7 8 2013 के तहत पी पी पी मोड पर मैडीकल कालेज का आश्वासन देकर ग्राम पचायत से ली गई थी। पी पी पी मोड के तहत उस समय जो भी लोग थे उनकी क्या योजना थी इस बारे मे हमे नही पता लेकिन	18 03 2015 अध्यक्ष महोदय यह प्रश्न सिमलर तो है लेकिन स्पैसीफिक है इसलिए यह जानकारी हम माननीय सदस्य को उस हिसाब से दे देगे। जैसाकि मैने पहले कहा है कि दो अढाई साल का पीरियड ऐसा रहा है जिसमे बहुत सी जमीने प्राइवेट कम्पनियो को पी पी पी मोड के तहत या बिल्कुल प्राइवेट कम्पनियो को और ट्रस्टो को लीज पर दी गई थ३। ये जमीने सरकार का ध्यान आकर्षित कर रही हैं और उन पर जाच करने की आवश्यकता है। उन जमीनो पर यदि काम नहीं हुआ है और अगर पचायतें अपनी जमीने वापिस लेना चाहती है तो सरकार उस विषय पर विचार करेगी।

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	वहा पी पी पी मोड के तहत न ही अभी तक कोई कार्य शुरू हुआ है और न ही कोई आश्वासन दिया गया है और न ही कोई इस बारे मे चर्चा हुई है। अध्यक्ष महोदय मै आपके माध्यम से मत्री महोदय से कहना चाहता हू कि यह सवाल अलग तो जरूर है लेकिन उससे सिमलर है इसलिए इस ग्राम पचायत के लिए जो कुछ भी हो सकता है उसको सरकार करने का प्रयास करे।			
279	ताराकित प्रश्न सख्या 534 के सदर्भ मे श्री कृष्ण लाल पवार द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न अध्यक्ष महोदय गाव उहलावास मे राजीव गाधी ट्रस्ट के लिए कुल 5 एकड़ 3 मरला जमीन दी गई है। अध्यक्ष महोदय मै आपके माध्यम से मत्री महोदय से जानना चाहता हू कि यह जमीन जिस समय लीज पर दी गई उस समय कलैक्टर रेट क्या थे और उस ट्रस्ट मे कौन कौन व्यक्ति	18 03 2015 अध्यक्ष महोदय मै आपके माध्यम से माननीय साथी को बताना चाहता हू कि जिस समय यह जमीन दी गई थी उस समय 16 लाख रुपये कलैक्टर रेट था और आज उसमे कई गुणा वृद्धि हो गई है। जहा तक माननीय साथी ने ट्रस्टीज की स्पेसीफिक जानकारी मागी है। इस बारे मे बताना चाहूगा कि राजीव गाधी धमार्थ ट्रस्ट देश की प्रख्यात ट्रस्ट है जिसके बारे मे सभी लोग जानते है। ट्रस्टीज के नाम की स्पेसीफिक लिस्ट अभी मेरे पास नही है इसलिए यह जानकारी		

	ट्रस्टी थे। इसमे ऐसा महसूस हो रहा है कि राजनैतिक लाभ देने के लिए ऐसा किया गया है। कृपया मत्री जी इसके बारे मे जानकारी दे।	अभी नहीं दी जा सकती। माननीय साथी को ट्रस्टीज के नाम की जानकारी बाद मे भिजवा दी जायेगी।
280	ताराकित प्रश्न सख्या 237 के सदर्भ मे श्री उदयभान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न XX मेरे ग्राम पचायत हसनपुर मे जहा पर 50 प्रतिशत आबादी एस सी और बी सी वर्ग के लोगो की है। अभी तक वहा पर एक भी प्लॉट आबटित नही हुआ है। अध्यक्ष महोदय उस क्षेत्र मे सत्वागढ़ी गाव मुर्तजाबाद गाव और लहरपुर गाव मे कोई भी प्लॉट आबटित नही हुए है। इनके बारे मे माननीय मत्री जी को विभाग ने गलत सूचना दी है। क्या मत्री जी बताएगे कि उस गाव मे कब तक प्लॉट आबटित किए जाएगे ?	20 03 2015 अध्यक्ष महोदय माननीय सदस्य ने जो विषय ध्यान मे लाया है वह जायज है। अध्यक्ष महोदय आपके माध्यम से विभाग से जानकारी प्राप्त करके माननीय सदस्य को उपलब्ध करवा दी जाएगी। जो भी ऐसी कोई कोताही माननीय सदस्य के विधानसभा क्षेत्र के गाव की लिस्ट मे से जानकारी इकट्ठा करने मे हुई है उसको दुरूस्त किया जाएगा।
281	ताराकित प्रश्न सख्या 237 के सदर्भ मे श्री उदय भान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न अध्यक्ष महोदय जिन गावो मे ग्राम पचायत के पास जमीन नही है क्या वहा जमीन को एक्वायर करके प्लॉट दिए जाएगे? क्योकि वो परिवार भी	20 03 2015 अध्यक्ष महोदय माननीय सदस्य ने जो सवाल पूछा है उसे देखते हुए हरियाणा के अदर 1544 गावो के पास शामलात की भूमि नही है इस नाते से जो भूमि लेनी है वह कई हजार एकड़ होगी। यह निश्चित रूप से बहुत महत्वपूर्ण नीतिगत फैसला है इस बारे मे सरकार ने कोई निर्णय

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	क्राइटेरिया मे आते है उनका भी अधिकार बनता है इसलिए उनको भी प्लॉट मिलने चाहिए इसके बारे मे माननीय मत्री जी ने क्या नीति बनाई है ?	नही लिया है फिर भी हम इस पर विचार करेंगे।		
282	ताराकित प्रश्न सख्या 226 के सदर्भ मे श्रीमती शकुतला खटक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न XX अध्यक्ष महोदय मै आपके माध्यम से मत्री महोदय से जानना चाहती हू कि वे इस गाव खोखरा कोट की गलियो और सड़को को बनाने की समय सीमा तय कर दे और फिर चाहे दो साल मे तीन साल मे या पाच साल मे बनवा दे इसलिए इस काम की समय सीमा के बारे मे मत्री जी मुझे सदन मे बताने का कष्ट करे XXX	20 03 2015 स्पीकर सर मै माननीय सदस्या को ऑन दि फ्लोर आफ दि हाउस बताना चाहता हू कि उस गाव मे 75 69 लाख रुपये का काम प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त जो अनुमान प्रक्रिया पास की जानी है वह 189 93 लाख रुपये की है। यह पैसा जैसे ही पास हो जाएगा उस पर काम शुरू करवा देगे। 301 89 लाख रुपये के सड़को के अनुमान स्वीकृति हेतु प्रक्रिया मे है। जैसे ही अनुमानो की स्वीकृति प्राप्त होगी उन सड़को के कार्य को भी subject to availability of funds पूरा कर लिया जाएगा। सभी विकास कार्य राज्य सरकार से अनुदान प्राप्ति के अनुसार ही किए जाते है मगर मै विश्वास दिलाना चाहूगा कि विषयाधीन क्षेत्र नगर निगम रोहतक मे राज्य सरकार से अनुदान राशि प्राप्ति के बाद प्राथमिकता के आधार पर सार्वजनिक उपयोगिता के कार्य		

		करवाए जाएगे।
		20 03 2015
283	तारांकित प्रश्न सख्या 272 के सदर्भ मे श्री रणबीर गगवा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न क्या विकास एव पचायत मत्री कृपया बताएगे कि क्या आवारा पशुओ से किसानो की फसलो को बचाने के लिए कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है यदि हा तो उसका ब्यौरा क्या है?	श्री मान जी वर्तमान मे आवारा पशुओ को 408 गऊशालाओ जिन्हे नगर निकायो तथा निजी सगठनो द्वारा सचालित किया जा रहा है मे रखा जाता है। हालाकि इस समस्या की जटिलता को ध्यान मे रखते हुए राज्य सरकार द्वारा एक विस्तारयुक्त नीति बनाने का प्रस्ताव है इसके अतिरिक्त गऊ अभियारण्यो गऊ सदन व गऊ गृहो की स्थापना का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है जो इस समस्या का निदान करने मे दूरगामी साबित होगा।

OUTSTANDING ASSURANCES

Relatıng to the

ENVIRONMENT DEPARTMENT

Note —In case an Assurance shown outstandıng agaınst a partıcular Department does not relate to ıt the same may be transferred to the Department concerned under ıntımatıon to the Haryana Vıdhan Sabha Secretarıat

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
284	ध्यानाकर्षण प्रस्ताव सख्या 27 (पानीपत थर्मल प्लाट की गन्दी राख गावो मे गिरने सबधी) पर श्री अध्यक्ष द्वारा ली गई जानकारी—''मत्री जी आप पर्सनली वहा पर विजिट करे क्योकि खुखराना मे वास्तव मे यह प्रोब्लम है। वह एक छोटा गाव है अगर उस गाव को कही दूसरी जगह पर जमीन एक्वायर करके बसाया जा सकता हो तो ऐसा अवश्य करे क्योकि केवल तीन चार एकड जमीन मे ही काम चल जाएगा और फिर उस गाव के लोग दूसरी जगह पर बसने के लिए तैयार भी है।''	23 03 95 अध्यक्ष महोदय जैसा आपने कहा कि खुखराना के गाव के लोग कह रहे हैं उन्हे थोडी सी दूरी पर जमीन एक्वायर करके बसा दे। अगर वे लोग चाहते हैं कि उनको दूरी पर दूसरी जगह बसा दिया जाए तो हम इन भाईयो से बातचीत करके डी०सी० के जिम्मे यह काम लगाएगे कि वे खुद उन लोगो से पूछ ले और उनसे जगह का पूछ लें कि कौनसी जगह पर उनको बसाया जाए। अगर वह छोटा सा सारा गाव सहमत हो गया तो हम उन लोगो को दूसरी जगह पर बसा देगे।	थर्मल पावर प्लाट पानीपत की स्थिति निम्न प्रकार से है – जल एक्ट 1974 पानीपत थर्मल पावर प्लाट करो जल एक्ट 1974 के अतर्गत सिवेज ट्रीटमैंट प्लाट व आक्सीडेसन पॉड लगाने के उपरात वर्ष 2010 11 की कसेट प्रदान कर दी गई है। वायु एक्ट 1981 पानीपत थर्मल पावर प्लाट को वायु एक्ट 1981 के अतर्गत वर्ष 2010 11 की सहमति प्रदान नहीं की गयी व मना कर दी गई हैं। क्योंकि थर्मल प्लाट वायु प्रदूषण के अतर्गत नियमो का पालन नहीं कर रहा है। वायु प्रदूषण को नियत्रित करने के लिए आठ इकाईयो पर इलैक्ट्रोस्टेटिक प्रेसीपीटेटर्ज स्थापित किये हुए हैं तथा केवल 7 एव 8 यूनिट के कोयला हैडलिग स्थान पर पानी के छिडकाव का प्रबध किया हुआ था। इलैक्ट्रोस्टेटिक प्रैसीपीटेटर्ज ठीक से कार्य न करने के कारण इकाइयों के वायु सैंपल व एम्बीयट	The Committee would like to know the latest position in this regard (24 1 2012)

वायु मे सरपेंडीड पर्टिकुलेट मैटर (एम पी एम) की मात्रा भी निर्धारित सीमा से अधिक पायी गई। वायु प्रदूषण को कम करने के लिए पानीपत थर्मल पावर प्लाट द्वारा एक एक्शन प्लान तैयार किया गया है तथा अपने पत्र सख्या सी एच 188 सी एम डी 511ए दिनाक 28 9 2010 द्वारा हरियाणा राज्य प्रदूषण नियत्रण बोर्ड को जमा करवाया गया है। पानीपत थर्मल पावर प्लाट ने इलैक्ट्रोस्टेटिक प्रेसीपीटटर्ज की ओवरहालिग व रख रखाव के लिए समयबद्ध एक्शन प्लान तैयार किया है। यूनिट ने कोलाहैंडलिग स्थानों (इकाई न० 1 व 2) पर पानी के छिडकाव प्रबधन पूरा कर लिया है और राख पौंड के सही ढग से रख रखाव व राख को गीला रखने के लिए 1000 मीटर × 100 मीटर वर्ग क्षेत्र मे गाव खुखराना के निकट जल छिडकाव सिस्टम लगा दिया है ताकि एमवियट वायु मे सुधार किया जा सके। पानीपत थर्मल पावर प्लाट ने इकाई न० 2 के इलैक्ट्रोस्टेटिक प्रैसीपीटेटर्ज की ओवरहालिग व रख रखाव का कार्य पूरा कर लिया है तथा इकाई न० 5 मे इलैक्ट्रोस्टेटिक

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			प्रैसीपीटेटर्ज की ओवरहालिग का काम जारी है। हरियाणा सरकार राजस्व विभाग ने वर्ष 2006 में जमीन एक्ट के तहत सैक्शन 4 व 6 के अतर्गत गाव सौदापुर में 317 कनाल व 5 मरला जमीन के अधिकरण के लिए अधिसूचना जारी की थी ताकि खुखराणा गाव की आबादी को गाव सौदापुर में स्थानातरित किया जा सके। इसके तहत पजाब व हरियाणा उच्च न्यायालय में सिविल रिट पेटीशन न 1780 1781 व 1783 वर्ष 2007 टाईटल गुरलाल सिह, मोहिन्द्र सिह व देवेन्द्र सिह निवासी गाव सौदापुर वर्सिज हरियाणा सरकार व अन्य दायर की गई थी। प्रार्थियों ने उक्त पैटीशन के तहत गाव खुखराणा की आबादी को गाव सौदापुर मे स्थानातरण को रोकने के लिए अपनी जमीन का अधिग्रहण ना करने व जमीन अधिग्रहण अधिसूचना का निरस्त करने की प्रार्थना माननीय उच्च न्यायालय से की है। माननीय	

			उच्च न्यायालय से की है। माननीय उच्च न्यायालय ने उपरोक्त रिट पैटीशन 1780 1781 व 1783 वर्ष 2007 दिनाक 1 3 2011 को अब खारिज कर दिया है। (23 11 2011)	
285	आगरा नहर के प्रशासनिक नियत्रण सबधी गैर सरकारी सकल्प पर चर्चा के दौरान श्री कर्ण सिह दलाल द्वारा पूछा गया प्रश्न ***सारे इलैक्ट्रोप्लेटिग के काम फरीदाबाद मे है इसके अलावा फरीदाबाद के न जाने कितने कारखानो का गद आगरा कैनाल यमुना कैनाल और गुडगाव कैनाल मे पड रहा है। मै मत्री जी से जानना चाहता हू कि वे इस मामले मे क्या कार्यवाही कर रहे हैं?	13 3 2008 दलाल साहब आप मत्री रहे है आपको मालूम है कि ये दायरा पोल्यूशन कट्रोल बोर्ड का होता है। आपने बात रेज की है सदन मे आपने मामला उठाया है तो मै आपको बताना चाहूगा कि यहा पोल्यूशन कट्रोल बोर्ड के अधिकारी बैठे है और सरकार इसको नोट करेगी और जो इस तरह के काम करते हैं उनके खिलाफ कार्यवाही होगी। आपने यह बात रेज की है तो हम भी पोल्यूशन कट्रोल बोर्ड को लिखेगे कि उन पर रोक लगाई जाए और उनके खिलाफ कार्यवाही की जाए।	जिला फरीदाबाद क्षेत्र मे परिचालित इलैक्ट्रोप्लेटिग इकाईया तथा अन्य औद्योगिक इकाईया अपने मलशोधन ने किए गए तथा शोधन किये गए व्यावसायिक मल प्रवाह को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से आगरा कैनाल गुडगाव कैनाल में प्रवाहित नहीं कर रही हैं घरेलू तथा व्यावसायिक मल जो औद्योगिक क्षेत्रों तथा आवासीय क्षेत्रसे उत्पन्न होता है उसे बुरिया नाला तथा मुबई ड्रेन मे डिस्चार्ज किया जा रहा है जो अन्तत यमुना नदी में मिल जाती है। फरीदाबाद जिले मे इन मल प्रवाहो में से कोई भी उन कैनालो में जो कि प्रश्न में उठाई गई है किसी में भी डिस्चार्ज नहीं किया जा रहा है। आगरा कैनाल देहली से दूषित मल प्रवाह ले जा रही है जन स्वास्थ्य विभाग मे वाई ए पी के अन्तर्गत गाव मुजेरी के समीप एस टी पी स्थापित	The Committee would like to know the latest position in this regard (24 1 2012)

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			किया जै तथा ट्रीटमैट के पश्चात् वे आगरा कैनाल मे डिस्चार्ज कर रहे हैं। सभी लघु स्तरीय इलैक्ट्रोप्लेटर सैक्टर 58 मे शिफ्ट कर दिये गए है तथा कोमन एफल्यूऐण्ट ट्रीटमैट प्लाट स्थापित कर दिया गया है। कोमन एफल्यूऐण्ट ट्रीटमैंट प्लाट के माध्यम से ट्रीटमैट के बाद ट्रीटिड एफल्येऐण्ट को पब्लिक सीवर में डिस्चार्ज किया जा रहा है। (24 1 2012)	
286	श्री सम्पत सिह द्वारा पूछा गया अताराकित प्रश्न सख्या 268 क्या पर्यावरण मत्री कृपया बताएगे कि (क) राज्य के औद्योगिक क्षेत्रो मे सामान्य मलनिस्राव उपचार सयत्रो की सख्या कितनी है (ख) क्या उद्योग समूहो मे सामान्य मलनिस्राव उपचार सयत्र	4 3 2013 (क) राज्य के औद्योगिक क्षेत्रो मे सामूहिक अपशिष्ट जल सशोधन सयन्त्रो की सख्या 12 है। (ख) हा सी ई टी पी समूह के व्यक्तिगत उद्योगो द्वारा औद्योगिक अपशिष्ट मल सशोधन की जागत की किफायत के लिए उद्योगो के समूह मे अति आवश्यक है।		

	आवश्यक है यदि हा तो सभी उद्योग समूहो मे इन सामान्य मलनिस्राव उपचार सयत्रो का निर्माण कब तक किए जाने की सभावना है तथा	एच एस आई डी सी ने औद्योगिक क्षेत्रो/आदर्श औद्योगिक नगर क्षेत्रो मे विकास और औद्योगिक अपशिष्ट जल की मात्रा पर आधारित औद्योगिक क्षेत्रो/आदर्श औद्योगिक नगर क्षेत्रो मे सी ई टी पी की निर्माण समय सीमा 30 जून, 2017 दी है। हुडा द्वारा सैक्टर-29, भाग II पानीपत मे द्वितीय सी ई टी पी को पूरा करने के लिए दिसम्बर 2015 तक की समय सीमा दी गई है।
	(ग) *******	(ग) ** ***
		25 03 2015
287	श्री कर्ण सिह दलाल द्वारा दिये गये ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के सदर्भ मे।	XX सभापति महोदय माननीय सदस्यों का जो सुझाव है वह अपनी जगह बिल्कुल ठीक है। आज सामाजिक सस्थाए और विभिन्न पचायते भी इस डी जे को लकर अपने अपने क्षेत्र मे प्रतिबध लगाने की बात कर रही है और कई जगह प्रतिबध लगाया भी है। अगर इसमे कुछ कानूनी अड़चन है और पचायत उसको लागू करना चाहती है तो सरकार का समर्थन उन पचायतो के साथ है। XX जिस समय पिराई का सीजन 2014 15 समाप्त होगा उसके तुरत बाद किसान की गन्ने की पेमैंट का भुगतान करवा दिया जायेगा।

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		xx अगर कोई पचायत खाप पचायत या कोई भी सामाजिक सस्था इस पर प्रतिबध लगाना चाहती है तो सरकार का अपेक्षित सहयोग निश्चित तौर पर उनको मिलेगा। xx सभापति महोदय माननीय सदस्य ने अपनी समझ के अनुसार एक सुझाव दिया है। इस सुझाव पर विचार करने मे हमको कोई आपत्ति नहीं है। उस सुझाव के पक्ष और विपक्ष के विचारो को देख कर अगर उचित लगेगा तो सरकार इस सुझाव पर अमल भी कर सकती है।		
288	तारांकित प्रश्न सख्या 593 के सदर्भ मे श्री करण सिह दलाल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न। अध्यक्ष महोदय मै आपके मार्फत मत्री जी से कहना चाहूगा कि यह सही है कि इन्होने इस बारे मे मेजर्ज लिए है। मै तो केवल इतना पूछना चाहता हूँ कि क्या बढते पौल्यूशन को रोकने के लिए हाई ब्रीड गाड़िया चलाई जाएगी ? मेरा दूसरा सवाल है कि इन	04 09 2015 xxx अध्यक्ष महोदय प्रश्नकाल मे सुझाव देने की कोई व्यवस्था नहीहै फिर भी माननीय सदस्य के सुझाव को हम स्वीकार करते हैं। यह सुझाव विचार योग्य है इसलिए सुझाव पर निश्चित रूप से सरकार विचार करेगी ऐसा हम माननीय सदस्य को भरोसा देते है।		

बड़े शहरो मे पौल्यूशन के लिए डिस्पले बोर्ड लगाने के बारे मे विचार करेगे ताकि वहा रहने वाले लोगो को पता चले कि जिस शहर मे हम रह रहे है वहा पर पौल्यूशन की क्या स्थिति है बाकी की आपकी बाते मैने जवाब मे पढ़ ली है इसलिए सिर्फ इन दो बातो के बारे मे कृपया बता दीजिए?

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

MINES AND GEOLOGY DEPARTMENT

Note —In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
289	श्री रणदीप सिह सुरजेवाला द्वारा पूछा गया ताराकित प्रश्न स० 140 के भाग (ख) तथा (ग) के उत्तर मे क्या वित्त मत्री कृपया बताएगे कि— (ख) राज्य मे खानो तथा खनिजो के उत्खनन के लिए वर्तमान नीति का ब्यौरा क्या है तथा (ग) क्या राज्य मे निजी पट्टा प्रणाली समाप्त करके खानो तथा खनिजो का राष्ट्रीयकरण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है यदि हा तो इस सबध मे क्या पग उठाए या उठाए जाने प्रस्तावित है?	21 11 1996 (ख) बडे खनिजो के निष्कासन के लिए खान पट्टे प्रदान किए जाते हैं जबकि लघु खनिजो के लिए खनन पट्टे ठेके लघु अवधि परमिट दिए जाते है। ज्यादा समय के लिए खनन पट्टे देने की बजाए खानो को सिर्फ ठेके पर देना सरकार के विचाराधीन है। इसलिए नई सरकार के गठन के उपरान्त किसी भी निजी उद्यमी को कोई खनन पट्टा नही दिया गया। (ग) मामला सरकार के विचाराधीन है।		
290	ताराकित प्रश्न सख्या 531 के सदर्भ मे श्री सुखविन्द्र द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न अध्यक्ष महोदय माननीय मत्री जी ने सदन के पटल पर जो प्रश्न का उत्तर रखा है उसके क भाग मे फरीदाबाद गुड़गाव और मेवात तीन जिलों का जिक्र	24 03 2015 सरकार बहुत सारे विकास के कार्यो को करने की सोचती है तो सबसे बड़ा कारण यही आता है कि बिल्डिग मैटेरियल खनन कार्य बद होने के कारण मैटेरियल महँगा हो गया है इसलिए इसकी हानि बड़ी व्यापक है। विभाग ने स्पेसिफिकली इसको गुड़गाव व मेवात के लिये		

है कृपया करके भिवानी जिले के बारे मे भी बताया जाये? दूसरा ख भाग मे माननीय स र्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार हरियाणा प्रदेश के अरावली क्षेत्रो मे खनन का कार्य बद कर दिया गया था। अध्यक्ष महोदय मै आपके माध्यम से माननीय मत्री जी से पूछना चाहता हूँ कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय का आदेश तो पूरे भारत मे लागू किये गये थे परन्तु हमारे नजदीक क्षेत्र राजस्थान प्रदेश मे निरन्तर खनन का कार्य चलता आ रहा है। क्या यह पिछली सरकार की लापरवाही के कारण या अनदेखी के कारण हुआ है? क्या सरकार भविष्य मे खनन के कार्यो को खोलने के लिये कोई कदम उठाने जा रही है? अध्यक्ष महोदय तीसरी बात यह है कि राजस्व की हानि की पूरी डिटेल यदि माननीय मत्री जी उपलब्ध करवा देते तो बड़ी मेहरबानी होगी।

सीमित कर दिया है लेकिन माननीय सदस्य का सवाल भिवानी क्षेत्र को लेकर है। मै बताना चाहॅगा कि इस इलाके मे माईस अलॉट हो चुकी हैं और इनवायरन्मैट क्लीयरैस हो चुकी है। भिवानी क्षेत्र के पिचोपाकला अटेला डाडम और बाकी स्थानो पर माईस बहुत जल्दी शुरू हो जायेगी और तेजी के साथ 15 20 दिन के अन्दर ही इन्वायरमैट क्लीयररेस हो जायेगी। अध्यक्ष महोदय ये माईस बहुत जल्दी ही ये कार्य रुप मे आने वाली है जिससे प्रदेश के अन्दर जो काम बद हो गये थे उन इलाको की आमदनी बढ़ेगी लोगो को सुविधानुसार सस्ता मैटेरियल के साथ साथ मे रोजगार भी मुहैया होगा।

24 03 2015

291 श्री कर्ण सिह दलाल द्वारा पूछा गया ताराकित प्रश्न सख्या 7 क्या वित्त मत्री कृपया बताएगे कि

(क) क्या हरियाणा मे सभी सरकारी

(क) एक वेतन विसगति आयोग का गठन श्री जी माधवन आई ए एस (सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता मे दिनॉक 11 सितम्बर 2014 की अधिसूचना के अनुसार निम्नलिखित

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	विभागो के कर्मचारियो के वेतन पजाब सरकार के समकक्ष बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा (ख) यदि हा तो इसके कब तक लागु किये जाने की सभावना है तथा उसका वित्तीय भार कितना है ?	शर्तो के सदर्भ मे किया गया है। (i) हरियाणा सिविल सेवा (सशोधित वेतनमान) नियम 2008 और हरियाणा सिविल सेवा(सुनिश्चित जीविका प्रगति) नियम 2008 तथा समय समय पर किए गए सशोधन के कार्यान्वयन के फलस्वरूप उत्पन्न हुई वेतन विसगति और विचलन को हटाने के लिए व्यक्तिगत कर्मचारियो सस्थानो सघो से प्राप्त आवेदन पत्रो पर विचार करने के लिए तथा इस तरह के प्रतिवेदनो पर सरकार को उपयुक्त सिफारिशे करना। (ii) एल टी सी भुगतान अतिरिक्त डी ए किश्तो की विज्ञप्ति उसके बकाया दो साल के लिए नव नियुक्त कर्मचारियो के लिए वास्तविक वेतन सहित अन्य लाभ भुगतान पात्रता शर्तो वेतनमान मे पजाब और हरियाणा के बीच अतर आदि बातो के साथ अध्ययन करने के लिए (अधिसूचना दिनाक 11 फरवरी 2015 द्वारा जोड़ा गया) (ख) इस सदर्भ मे उपयुक्त निर्णय आयोग की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद लिया जायेगा।		

292 हरियाणा विनियोग (स 1) विधेयक 2015 के बारे मे श्री कर्ण सिंह दलाल द्वारा उठाये गये मामले के सदर्भ मे xxx अध्यक्ष महोदय भारत सरकार तो अपना कानून जब बनायेगी तब बनायेगी लेकिन आज मेरा निवेदन यह है कि अगर मत्री जी इनेब्लिग प्रोविजन यह कर दे और इनेब्लिग प्रोविजन यह हो सकता है that this Bill shall stand repealed at the end of this financial year अगर ये इसमे एक लाइन यह डाल देगे अगर यह एक साल का नही करना चाहते तो दो साल का कर दे। सर यह एप्रोप्रिऐशन बिल का अग्रेजो के जमाने से ये रिवाज सा चला आ रहा है जिसका कोई महत्व नही होता xxxx

xx अध्यक्ष महोदय हम सभी जानते है कि एप्रोप्रिएशन एक्ट की लाईफ एक साल की ही होती है। फिर भी माननीय सदस्य का जो सुझाव है हम उस पर आगे के लिए विचार करेगे xx

OUTSTANDING ASSURANCES

Relatıng to the

ANIMAL HUSBANDARY DEPARTMENT

Note —In case an Assurance shown outstandıng agaınst a partıcular Department does not relate to ıt, the same may be transferred to the Department concerned under ıntımatıon to the Haryana Vidhan Sabha Secretarıat

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
293	तारांकित प्रश्न सख्या 878 के सदर्भ मे श्री कर्ण सिह दलाल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न ** अध्यक्ष महोदय जब एल आर भी इस बात को मानता है और उस समय के आयुक्त पशु पालन विभाग ने भी एच पी एस सी को लिखकर सूचना दी थी कि रूल्ज सशोधित हो चुके है। उन्होने यह प्रोसैस इसलिए जारी रखा कि उसमे एच पी एच सी के चेयरमैन मैम्बर्ज के रिश्तेदार मुख्यमत्री और उनके बेटो के चेहते थे जिन्होने रिश्वत देकर इन पदो को प्राप्त किया। क्या यह भी सही है कि तत्कालीन मुख्यमत्री या उनके बेटे अजय सिह चौटाला के नोट पर यह सारा प्रोसैस पूरा हुआ है? क्या डिपार्टमैट ने मुख्यमत्री के बेटे द्वारा लिखे गये नोट को ग्राउड बनाकर फाईल चला दी? मै आपके माध्यम	25 3 2008 ** अगर यह बात सही है तो उनके खिलाफ कार्यवाही होगी। मै सदन को विश्वास दिलाता हू कि इस केस मे हेराफेरी नहीं होगी और इस केस का पूरा फैसला किया जाएगा। यह बात नहीं है कि इसमे ज्यादा देर लगेगी हम 30 दिन के अदर ही इसका फैसला कर देगे।	दिनाक 16–11–2010 को कमेटी द्वारा पूछी गई नवीनतम स्थिति के सम्बन्ध मे व्यक्त किया जाता है कि डॉ0 श्री कृष्ण बागोरिया व डॉ0 लाल चन्द रगा उप निदेशक ने याचिका क्रमाक 15118/2010 माननीय उच्च न्यायालय चण्डीगढ मे दायर कर गुहार लगाई थी कि उनको पद के अनुरूप कार्य दिया जाये। इस सम्बन्ध मे दिनाक 24 08 2010 को माननीय उच्च न्यायालय चण्डीगढ द्वारा निम्नलिखित अन्तरिम आदेश पारित किये थे – Till further orders no further proceedings would be taken against the petitioners and they would be assigned duties of the posts on which they are working इसी दौरान माननीय उच्च न्यायालय चण्डीगढ ने विभाग द्वारा दायर की	The Committee would like to know the latest position in this regard (18-09 2015)

से मत्री जी से जानना चाहूगा कि क्या इस बारे मे किसी अधिकारी के खिलाफ कोई कार्यवाही की है?

गई पुर्नविचार याचिका क्रमाक 294/2008 को दिनाक 11 03 2011 को खारिज कर दिया गया। उक्त अन्तरिम आदेश दिनाक 24 08 2010 की अनुपालना मे सरकार ने अपने आदेश दिनाक 17 03 2011 द्वारा डॉ0 श्री कृष्ण बागोरिया व डॉ0 लाल चन्द रगा को तथा दिनाक 10 06 2011 द्वारा डॉ0 बिरेन्द्र सिह लोरा व डॉ0 कल्पना सिह को उनके पद के अनुरूप पद स्थापित कर दिया गया तथा पदो के अनुरूप उनको कार्यभार भी दे दिया गया। इस प्रकार माननीय मुख्य उच्च न्यायालय ने याचिका क्रमाक 15118/2010 का निपटान दिनाक 25 02 2012 को कर दिया। इसके उपरान्त इन अधिकारियो द्वारा repatariation Notice के विरूद्ध की गई याचिका क्रमाक 21576/2008 तथा 540/2009 माननीय उच्च न्यायालय मे लम्बित थी जो क्रमश डॉ0 लाल चन्द रगा व अन्य तथा डॉ0 बी0एस0 लोरा द्वारा दायर की हुई थी। सरकार द्वारा अब इन अधिकारियो के repatariation Notice दिनाक 07 08 2013 को विदड्रा कर

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			लिये गये। माननीय उच्च न्यायालय ने इन अधिकारियो को जब से उनके जूनियर अधिकारी को सयुक्त निदेशक के पद पर पदोन्नत किया है तब से पदोन्नत करने के आदेश दिनाक 07 10 2013 को प्रदान किये थे। सरकार द्वारा इन अधिकारियो को दिनाक 20 02 2014 से सयुक्त निदेशक के पद पर पदोन्नत किया जा चुका है। सरकार ने माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय दिनाक 07 10 2013 के विरुद्ध एल0पी0ए0 फाईल की हुई है और कोर्ट के पूर्व आदेशो पर स्टे की गई है। मामला अभी माननीय उच्च न्यायालय मे विचाराधीन है। (18 09 2015)	
294	श्री हरि चद मिढा द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न सख्या 30 क्या पशुपालन एव डेरी उद्योग मत्री कृपया बताएगे कि क्या राज्य मे आवारा गायों के लिए गोशालाओ का निर्माण करने	10 3 2015 अध्यक्ष जी राज्य मे गोशालाए निजी सस्थाओ द्वारा चलाई जा रही है। फिर भी राज्य मे उपयुक्त स्थानो पर सार्वजनिक निजी सहभागिता (पी पी पी) प्रणाली मे गौ अभ्यारण्य स्थापित किए जाने की राम्भावनाओ को तलाशा जा रहा है।		

	का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है यदि हा तो उसका ब्यौरा क्या है?	
295	राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान श्री कर्ण सिह दलाल जाकिर हुसैन रहीस खा श्रीमती प्रेम लता श्री कृष्ण लाल पवार घनश्याम श्री परमेन्द्र ढुल द्वारा पूछे गये प्रश्न के सबध मे।	16 3 2015 मै आभारी हू श्री कर्ण सिंह दलाल जी का जाकिर हुसैन जी का रहीस खा जी का प्रेम लता जी का कृष्ण लाल पवार जी का घनश्याम जी का परमेन्द्र ढुल जी का सब लोगो की अर्थात पूरे हाऊस की जिस प्रकार से भाव भावना इस बिल के प्रति आई है। निश्चित रूप से पूरा हाऊस एक मत से इस विषय पर कन्सरड है। इसकी हार्दिक प्रसन्नता जहा मुझे है मुझे लगता है कि पूरे हाऊस को भी उसी तरह से है। जो सवाल उठाए है उनके उत्तर हमने इस बिल मे भी खोजने की कोशिश की है। मुझे लगता है कि उस अभरण्य घोषणा से मान लिया गया अभी बनाया नही गया है। जो भी अब अरण्य बनेगे 100 50 200 एकड़ मे बनेगे। पीने के पानी की व्यवस्था होगी चारे की व्यवस्था होगी और पशुओ को देखने के लिए वैट्रनरी सर्जन और डी एन डी ए की व्यवस्था होगी। जैसे वाईन लाईक के घर अरण्य होते है उसी प्रकार के बड़े स्तर के बनेगे। उसको बनाने के बारे मे भी हमने ज्यादातर राजस्थान बोर्डर के साथ ज्यादा सोचा है बजाए उत्तर प्रदेश बॉर्डर के साथ तस्करी

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		ज्यादा होती है उस इलाके के बारे मे विचार किया गया है। अध्यक्ष महोदय गायो को एक्सपोर्ट करने की बात है। गौ हत्या जिन स्टेटो मे बैन है उन्हश स्थानो पर ही गायो को भेजने की व्यवस्था करेगे। आने वाले समय मे इस बिल मे भी सशोधन करने जा रहे है कि हरियाणा मे कोई भी अच्छी नस्ल की गाय 6 किलोग्राम दूध देगी और साहिवाल 8 किलोग्राम दूध देगी तो दूध उत्पादको को 10 000 से लेकर 20 000 रुपये तक का ईनाम दिया जायेगा। अध्यक्ष महोदय दूध उत्पादको को एक साल मे यदि इतना रूपया मिल जायेगा तो जैसे कि आप बुढ़ापा पैंशन बढाने की बात कर रहे थे दूधारू पशुओ से होने वाली कमाई से किसान अपनी जीविका को चला सकता है। अध्यक्ष महोदय इसमे दो सशोधन आये है और दोनो ही सशोधन वाजिब है।		
	296 बजट 2015 16	17 3 2015 अटल खेती बाड़ी खाता योजना के तहत किसानो को प्रदान किये जा रहे डिजिटल पजीकरण कार्ड मे किसानो की कृषि गतिविधियो से सम्बधित		

		सभी प्रासगिक डाटा का रिकार्ड होगा तथा ये ऋण प्राप्त करने की प्रक्रिया को आसान बनाएगे।
297	बजट 2015 16	17 03 2015 भारत सरकार की परम्परागत कृषि विकास योजना को आगामी वित्त वर्ष से राज्य मे शुरू किया जाएगा। अधिकतर चैनलो के अतिम छोर तक पानी पहुचाने के लिए प्रधानमत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत हर खेत को पानी के लक्ष्य के साथ आगामी 6 महीनो मे विशेष प्रयास किए जाएगे। पशु चिकित्सा खेत्र मे गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के लिए लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एव पशुविज्ञान विश्वविद्यालय हिसार के एक नये परिसर का निर्माण किया जायेगा।
298	ताराकित प्रश्न सख्या 272 के सदर्भ मे श्री रणबीर सिह गगवा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न अध्यक्ष महोदय मै माननीय मत्री महोदय से पूछना चाहूँगा कि आवारा पशुओ की समस्या का निदान कब तक करवा देगे?	20 3 2015 xx अध्यक्ष महोदय मै इसके बारे मे अभी पूरा नही बता सकता लेकिन आशिक रूप से जरूर कह रहा हूँ कि इस आर्थिक वर्ष मे कुछ अभ्यारण्य बना कर इनकी शिफ्टिग का काम हम शुरू कर देगे। xx
299	ताराकित प्रश्न सख्या 272 के सदर्भ मे	20 3 2015 अध्यक्ष महोदय मै आपके माध्यम से माननीय साथी को बताना चाहूगा कि जैसे ही कानून

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	श्री रणबीर सिह गगवा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न अध्यक्ष महोदय मै माननीय मत्री महोदय से पूछना चाहूँगा कि पशु मेले पर लगी पाबदी को कब तक खोल देगे?	नोटिफाईड हो जाएगा हम पशु मेले की इस पाबदी को खोल देगे।		
300	श्री बलवन्त सिंह सढौरा द्वारा पूछा गया ताराकित प्रश्न सख्या 558 क्या सहकारिता राज्य मत्री कृपया बताएगे कि (क) दुग्ध सयत्रो पर लगाये जा रहे दुग्ध कर की वसूली की वर्तमान स्थिति क्या है (ख) दुग्ध कर की वसूली के लिए राज्य सरकार द्वारा क्या प्रयास किये गये तथा (ग) क्या दुग्ध करो की बकाया ब्याज देनदारी एकमुश्त निपटारे के लिए कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?	24 3 2015 अध्यक्ष महोदय इन सारी बातो से ऐसा लगता है कि इस विषय मे कई बातो पर गहराई से विचार किये जाने की आवश्यकता है। कई तरह के बैक होते है और पशुओ के लिए एक सीमन बैक भी होता है लेकिन सीमन बैक के अधिकारियो को भी वसूली की जिम्मेवारी दे दी गई। यह तो अक्सर सुना गया है कि बैक वाले और एक्साईज एण्ड टैक्सेसन विभाग के अधिकारी तो वसूली करते है। कई ऐसी गलतियॉ हुई है जैसे वास्तव मे वसूली का काम उनके बस का था ही नही उनके पास कोई अथॉरिटी ही नही थी न ही उनके पास कोई चैकिग की अथॉरिटी थी और न ही उनके पास कहश जाने की अथॉरिटी थी। अपने आप किसी ने उनको पैसे देने नही थे इसलिए मै कहना चाहूगा कि निश्चित रूप से इस सिस्टम मे कई बातो को सुधारने की		

आवश्यकता है। माननीय सदस्य ने सही सवाल उठाया है इसलिए सरकार इस पर विचार कर रही है। कुछ जैनुअन सवाल डेयरी वालो ने भी उठाए है जैसे उन्होने कहा कि हमारी 60 लाख लीटर प्रति दिन दूध प्रोसैस करने की कैपेसिटी है लेकिन किसी सीजन मे हमको 30 लाख लीटर दूध ही मिल रहा है तो आप यदि 60 लाख लीटर पर कर लगाएगे तो हम पर पैसा बहुत ज्यादा हो जाएगा इसलिए आप कैपेसिटी पर टैक्स मत लगाईए बल्कि एक्जुअल प्रोसैसिंग पर लगाईए। उनकी ये बाते वाजिब है इसलिए उन पर विचार करते हुए हम आगे बढ़ रहे है।

301 ताराकित प्रश्न सख्या 558 के सदर्भ मे श्री जगबीर सिह मलिक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न अध्यक्ष महोदय मै आपके माध्यम से मत्री जी से पूछना चाहता हूँ कि आज पशुपालन पर बहुत जोर दिया जा रहा है और बहुत से गरीब परिवार दूध को बेचकर ही अपना गुजारा करते है लेकिन पिछली सरकार मे दूध का रेट 57/ रुपये प्रति लीटर था जो आज घटकर 46/ रुपये हो गया है यानि

24 3 2015

अध्यक्ष महोदय यह बिल्कुल अलग क्वैश्चन है। आज दूध का भाव क्या है और पहले क्या भाव था यह पूरी तरह से अलग क्वैश्चन है। हम मानते है कि माननीय सदस्य इसके पूरे डाटा लेकर आए होगे। माननीय साथी को इसकी पूरी जानकारी बाद मे भिजवा दी जायेगी।

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	11/ रुपये प्रति लीटर का घाटा आज पशुपालक को हो रहा है। क्या इस प्रकार से सरकार पशुपालन के व्यापार को बढ़ावा देगी या जो लोग डेयरी फार्मिग कर रहे है उनको खत्म करने की तरफ ये कदम है ? अध्यक्ष महोदय दूध के रेट क्यो घटाए जा रहे है इस बारे मे क्या मत्री जी बताएगे?			
302	ताराकित प्रश्न सख्या 558 के सदर्भ मे श्री जगबीर सिह मलिक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न अध्यक्ष महोदय चीफ मिनिस्टर प्रोत्साहन योजना के तहत 4/ रुपये प्रति लीटर डेयरी मालिको को दिए जाते थे वे पैसे अब बद कर दिए गए है। मत्री जी को भी इस बात का ज्ञान होगा।	24 3 2015 अध्यक्ष महोदय आपके माध्यम से मै माननीय सदस्य को बताना चाहूगा कि अच्छे दूध उत्पादको के लिए 5 75 करोड़ रुपये के पुरस्कार अभी लीडरशिप समिट मे दिए गए है। जो माननीय सदस्य ने सवाल उठाया है मत्री होने के नाते उससे मेरा पूरा कसर्न है। दूध का रेट केवल सरकार निर्धारित नही करती है। दूध का रेट बाजार पर निर्भर होता है कि उत्पादन कितना हो रहा है और डिमाड कितनी है। माननीय सदस्य का जो कसर्न है वह बहुत सही है। इसका उत्तर माननीय सदस्य को लिखित मे भिजवा दिया जायेगा।		

24 3 2015

303	ताराकित प्रश्न सख्या 558 के सदर्भ मे श्री जगबीर सिह मलिक द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न अध्यक्ष महोदय आज 4 5 लाख लीटर दूध की डेली प्रीक्योरमैट है। 11 रुपये प्रति लीटर के हिसाब से प्रदेश के गरीब आदमियो का एक साल मे करीबन 180 करोड़ रुपये का नुकसान बनता है। यदि प्राईवेट प्रीक्योरमैट सैटर्ज रिलायस अमूल मोडर्न डेयरी का भी मिलाये तो हजारो करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान हो रहा है। इनका रेट सरकार के रेट से टैली करता है। क्योकि सरकार रेट घटाती है तो इनका रेट भी कम होता है। आज एक हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का गरीब दूध उत्पादको को नुकसान हो रहा है। क्या सरकार इस तरफ ध्यान देगी ?	अध्यक्ष महोदय माननीय साथी की भावनाओ और जोश के साथ इनका सवाल हमे स्वीकार है। माननीय साथी की फीलिंग्ज के अनुरूप जवाब लिखित मे भिजवा दिया जायेगा।

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

TOWN AND COUNTRY PLANNING DEPARTMENT

Note —In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
304	तारांकित प्रश्न सख्या 219 के सन्दर्भ मे श्रीमती सुमिता सिह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न अध्यक्ष महोदय करनाल म्यूनिसिपल काऊसिल के पास पूरा टैकनिकल स्टाफ हे XEN SE and JE है उसके बावजूद भी करनाल मे जो ऐतिहासिक राजा कर्ण के नाम से कर्णताल का पार्क है उसकी रैनोवेशन के लिए हुडा के पास पैसा भी जमा करवा दिया है लेकिन निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पा रहा है। उसको हुडा डिवैल्प कर रहा है। लेकिन पिछले 3 साल से वह कार्य पूरा नहीं हुआ है। मै माननीय मत्री जी से जानना चाहूगी कि यह कब तक पूरा हो जायेगा?	7 9-2010 अध्यक्ष महोदय माननीय सदस्या ने जो बतलाया है उसकी जानकारी तो इस समय मेरे मास उपलब्ध नहीं है लेकिन अगर हुडा उसको डिवैल्प कर रहा है और 3 साल हो गये है तो वह काम होना चाहिए था। किन कारणो से उसमे देरी हो रही है इस बारे मे मै खुद परस्यू करूगा और आगे इसको जल्द से जल्द बनवाया जायेगा।	छठी डी0डी0आर0 की मीटिग दिनाक 15 12 2010 के अनुसार हुडा द्वारा आगे कोई भी कार्य नही किया जाना था तथा यदि स्थानीय निकाय विभाग आवश्यक समझता तो वह फड प्राप्त करने के लिए भारत सरकार के टूरिजम विभाग से प्रार्थना कर सकता था। प्रधान सचिव नगर एव ग्राम आयोजन विभाग के अनुमोदन के बाद सचिव हरियाणा विधानसभा चण्डीगढ को कार्यालय के क्रमाक न0 9223 दिनाक 02 07 2013 को इस प्रार्थना के साथ जबाव भेजा जा चुका है कि क्रमाक सख्या 178 प्रधान सचिव स्थानीय निकाय विभाग को हस्तातरित कर दी जाये ताकि स्थानीय निकाय विभाग भारत सरकार के साथ मत्रणा कर सके।	The Committee would like to know the latest position in this regard (01-02 2016)

अब माननीय मुख्यमत्री हरियाणा सरकार द्वारा दिनाक 8 11 2014 को करनाल मे यह घोषणा की गई कि हुडा द्वारा कर्णताल के सौन्दर्यकरण तथा टूरिस्ट स्थल के तौर पर विकसित करने के बारे स्कीम तैयार की जाये। मुख्य प्रशासक हुडा पचकूला मुख्य अभियता हुडा पचकूला वरिष्ठ वास्तुकार हुडा पचकूला अधीक्षक अभियता हुडा करनाल तथा सम्पदा अधिकारी हुडा करनाल द्वारा दिनाक 07 01 2015 को मौके का निरीक्षण किया गया तथा मौके के अनुसार अनुमान बनाया जा रहा है।

मौके के अनुसार अनुमानित राशि 298 57 लाख रुपए का अनुमान बनाया गया है जो कि मुख्य प्रशासक हुडा के पत्र क्रमाक 10025 दिनाक 27 05 2015 द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है। मुख्यमत्री हरियाणा द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि अनुमानित राशि का 50 प्रतिशत हिस्सा नगर निगम करनाल तथा 50 प्रतिशत हुडा द्वारा वहन किया जाएगा।

इस निर्णय के अनुसार नगर पालिका

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			करनाल द्वारा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण को 129 49 लाख रुपए दिनाक 15 06 2015 एव 19 79 लाख रुपए दिनाक 03 09 2015 को जमा करा दिए गए है। करण ताल के सौन्दर्यकरण का कार्य दिनाक 15 07 2015 को आरम्भ कर दिया गया है। 31 दिसम्बर 2015 तक 40 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। रेस्तरा ईमारत शौचालय ईमारत का निर्माण कार्य छत तक पूरा किया जा चुका है। प्लस्तर और फर्श का कार्य प्रगति पर है। सम्पूर्ण कार्य 31 अक्तुबर 2016 तक पूरा कर लिए जाने की सम्भावना है। (01 02 2016)	
305	श्री देवेन्द्र कुमार बसल एम एल ए द्वारा पूछा गया अताराकित प्रश्न सख्या 478 क्या मुख्य मत्री कप्या बताएगे कि क्या सैक्टर 23 पचकूला से डम्पिग	9 9 2013 हा श्रीमान् जी। सैक्टर 23 पचकूला से डम्पिग ग्राउड स्थानातरित करने और गाव झूरीवाला मे ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन सयत्रा स्थापित करने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है।	यह मामला मुख्यत स्थानीय निकाय विभाग से सम्बन्धित है। सैक्टर–23 पचकूला से अस्थायी डम्पिग ग्राउड स्थानातरित करने के लिए मामला	The Committee would like to know the latest position in this regard (01-02 2016)

ग्राऊड स्थानातरित करने तथा ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन सयत्रा भी स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?		नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल मे लम्बित है। गाव झूरीवाला मे ठोस अपविष्ट सयत्र मे स्थापित करने का प्रस्ताव राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड के पास अतिम स्वीकति के लिए विचाराधीन है। (01 02 2016)

10 3 2015

306 श्री ज्ञान चन्द गुप्ता द्वारा पूछा गया ताराकित प्रश्न सख्या 124 क्या मुख्य मत्री कृपया बताएगे कि

(क) क्या यह तथ्य है कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकारण ने वर्ष 1997 तथा 2008 के दौरान राजीव कालोनी तथा इन्दिरा कालोनी सैक्टर 17 पचकूला के निवासियो के पुनर्वास करने के लिए 2500/ रुपये तथा 5800/ रुपये क्रमश प्रति व्यक्ति वसूल किये गये हैं

(ख) यदि हा तो पूर्वोक्त कालोनियो मे अभी तक किसी निर्धन परिवार का पुनर्वास नहीं करने के कारण क्या हैं तथा

(ग) क्या ऊपर के भाग (क) मे यथार्निदिष्ट नीति या किसी अन्य नीति के तहत गन्दी बस्तियो अर्थात राजीव कालोनी

पचकूला को मलिन बस्ती रहित करने के लिए हुडा भूमि पर काबिज चिन्हित मलिन परिवार को आशियाना योजना के अतर्गत विभिन्न चरणो मे पुनर्वासित करने की योजना है।

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	तथा इन्दिरा कालोनी मे निवास करने वाले निर्धन परिवारों के पुनर्वास करने सम्बन्धी हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की कोई योजना है?			
307	तारांकित प्रश्न सख्या 536 के सदर्भ मे श्री टेकचद शर्मा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न अध्यक्ष महोदय क्या मत्री जी इस समय यह बताने का कष्ट करेगे कि जिस समय प्लॉट अलॉट हुए थे उस समय के कलैक्टर रेट मे और हुडा के रेट मे क्या अन्तर थे। उस समय कलैक्टर का रेट तो ज्यादा था या हुडा के रेट के हिसाब के जो दिए गए उनमे कितना अतर था।	20 3 2015 XX अध्यक्ष महोदय जिन लोगो को प्लॉट मिले है उनमे पात्रता के बारे मे कुछ प्रश्नचिन्ह् सामने आए है और यह मामला कोर्ट मे पैंडिंग है। सरकार को उच्च न्यायालय से जो भी आदेश मिलेगा सरकार उसकी पालना करेगी। अध्यक्ष महोदय सरकार भी अपने स्तर पर इस मामले की गहनता से जाच कर रही है। सरकार को भी ऐसा लगता है कि यह मामला कार्यवाही और जाच के योग्य है। सरकार को इस पूरे मामले मे कहश न कहश गड़बड़ी दिखाई दे रही है इसलिए इसे जाच के योग्य मान रही है।		
308	श्री ललित नागर द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सख्या 60 क्या मुख्य मत्री कृपया	24 3 2015 क) हॉ श्रीमान जी। ख) पुल प्रशासनिक अनुमोदन की तिथि से लगभग		

बताएगे कि

(क) क्या तिगाव विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गाव पल्ला के पुल को चौड़ा करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा

(ख) यदि हा तो उपरोक्त पुल के कब तक चौड़ा किये जाने की सभावना है?

दो वर्षों मे चौड़ा किये जाने की सभावना है।

309 श्री बलवत सिंह द्वारा अपने ताराकित प्रश्न सख्या 683 के सदर्भ मे पूछा गया अनुपूरक प्रश्न   अध्यक्ष महोदय बहुत से केसिज मे 4 से 5 महीने से भी ज्यादा समय विभाग द्वारा लिया जाता है। मै माननीय मत्री जी के ध्यान मे लाना चाहूगा कि श्री सुरेन्द्र सिह का केस 19 01 2013 को अवार्ड हो गया था जिसका आर एफ ए नम्बर 3785 है। कोर्ट का फैसला होने के बाद भी आज तक उसका पेमैट नहींमिली है। ऐसे बहुत से केसिज है जिनमे कोर्ट का फैसला होने के बाद भी पेमैट नहींकी जाती और वे विभाग के चक्कर काटते रहते है। बहुत से लोगो की तो मृत्यु भी हो जाती है लेकिन उनको मुआवजा

03 09 2015

आदरणीय अध्यक्ष जी यदि कोई ऐसा असामान्य मामला है और माननीय सदस्य उसे हमारी जानकारी मे लायेंगे तो हम निश्चित रूप से उस पर कार्यवाही करेगे। यदि उसमे कोई असामान्य गलती मिलती है तो विभाग के दोषी अधिकारियो की जिम्मेवारी भी फिक्स की जायेगी।

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	नहीमिलता। इस तरह के केसिज मे जो पैनल्टी पड़ती है उसका पैसा हुडा द्वारा वहन किया जाता है या प्लॉट होल्डर्ज से लिया जाता है?			
310	श्री कुलदीप बिश्नोई द्वारा ताराकित प्रश्न सख्या 683 के सदर्भ मे पूछा गया अनुपूरक प्रश्न अध्यक्ष महोदय मै बड़ा महत्वपूर्ण प्रश्न पूछना चाहता हू कि पिछले 10 सालो मे भूपेन्द्र सिंह हुड्डा जी की सरकार के समय मे कितनी जमीन एक्वायर करने की नोटिफिकेशन करने के बाद रिलीज की गई। उनमे मौजूदा सरकार को क्या अनियमितताए मिली और यदि उनमे सरकार को अनियमितताए मिली है तो उन पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है? क्योकि भारतीय जनता पार्टी के चुनाव घोषणा पत्र मे यह वायदा किया गया था कि पिछली सरकार के समय मे जितने भी भूमि घोटाले हुए है सरकार बनने के बाद एक साल के	03 09 2015 आदरणीय अध्यक्ष जी माननीय साथी चौधरी कुलदीप जी ने यह जो विषय उठाया है वैसे तो यह अलग प्रश्न है लेकिन मै माननीय सदस्य की भावनाओ का आदर करते हुए इस सवाल का जवाब देना चाहूगा। माननीय सदस्य की चिता वाजिब है और सभी जानते है कि पिछले 10 वर्षों के दौरान जिस प्रकार से हरियाणा प्रदेश मे जमीनो की एक्वीजिशन के नाम पर उनको रिलीज करने के नाम पर जो बेकायदगिया और घोटाले हुए है तथा हरियाणा प्रदेश को लूटने का काम किया गया है। पूरे सदन ने पिछले सैशन मे भी इसकी अभिव्यक्ति की थी और विपक्ष के सदस्यो ने सरकार का सहयोग करके इस बारे मे बहुत सारी जानकारी उपलब्ध करवाई है। सरकार एक एक मामले का बड़ी जिम्मेवारी और सूक्षमता से गहन अध्ययन कर रही है। जो जो मामले		

अदर अदर उनकी जाच करके सख्त कार्यवाही की जायेगी। अध्यक्ष महोदय मेरा आपके माध्यम से मुख्यमत्री जी से अनुरोध है कि उस समय किए गए भूमि घोटालो की जाच करने के लिए विधान सभा के सदस्यो की एक कमेटी बनाई जाए तभी इसका जल्द अच्छा रिजल्ट आयेगा। यदि इसका सही और जल्द रिजल्ट चाहिए तो मुझे भी उस कमेटी का मैबर जरूर बनाया जाए। मै उन सभी घोटालो का दूध का दूध और पानी का पानी कर दूगा।

सरकार को जाच के योग्य लगे है उनको सरकार ने जाच के लिए आगे भेजने का काम किया है। मेरा माननीय सदस्य चौधरी कुलदीप जी से निवेदन है कि यदि उनके पास इससे सम्बधित कोई और जानकारी भी है तो सरकार को उपलब्ध करवाये। जो जानकारियॉ हमे पहले मिली है उनका अध्ययन सरकार ने पूरी जिम्मेदारी के साथ किया है। माननीय सदन के नेता ने सदन मे विश्वास व्यक्त किया है और अपोजिशन के साथियो ने सहयोग किया है। हम इस विषय की पूरी इक्वायरी करवा रहे है और इसका दूध का दूध और पानी का पानी करेगे।

07 09 2015

311 श्री बनवारी लाल द्वारा पूछा गया ताराकित प्रश्न सख्या 732 क्या मुख्य मत्री कृपया बताएगे कि

(क)

(ख) क्या मार्च 2009 से सितम्बर 2014 तक की अवधि के दौरान भूमि उपयोग परिवर्तन (सी एल यू) जारी करने के लिए भ्रष्टाचार सम्बन्धी कोई शिकायते सरकार को प्राप्त हुई हैं यदि हा तो उन पर सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई?

अध्यक्ष महोदय पूर्व मे मुख्य ससदीय सचिव रहे श्री रामकिशन फौजी के खिलाफ लोकायुक्त की सिफारिश पर राज्य चौकसी ब्यूरो द्वारा 4 12 2014 को एफ आई आर नम्बर 10 रजिस्टर की गई थी। इसके अलावा एक और इन्क्वायरी नम्बर 4 दिनाक 18 5 15 को अम्बाला मे रजिस्टर की गई है। श्री राजेश शर्मा और स्वाभिमानी नागरिक वैलफेयर सोसायटी अम्बाला शहर की शिकायत पर श्री रामकुमार जिला नगर योजनाकार अम्बाला नगर तथा ग्राम आयोजन हरियाणा व राजस्व विभागो के अधिकारियो/

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	इसी प्रश्न के सदर्भ मे श्री अभय सिह चौटाला द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न अध्यक्ष महोदय मै आपके माध्यम से माननीय सदन के नेता से यह पूछना चाहता हूँ कि मत्री महोदय जो उत्तर दे रहे है यह ऑन बिहाफ ऑफ मुख्यमत्री दे रहे है। मै सदन के नेता से यह जानना चाहूगा कि हमने इस सदन के पहले और दूसरे अधिवेशन मे भी इस बारे मे कहा था। दोनो दफा हम महामहिम से भी इस बारे मे मिले थे और 400 पेज की चार्जशीट भी अपनी पार्टी की तरफ से उनको दी थी। दोनो दफा आश्वासन दिया गया था और आश्वस्त किया गया था कि हम इसकी इक्वायरी करेगे। अब काफी समय बीत चुका है मै जानना चाहूगा कि अब तक उस पर क्या कार्रवाई हुई है और उसकी इक्वायरी होगी या नही होगी?	कर्मचारियो के विरुद्ध इन्क्वायरी अभी राज्य चौकसी ब्यूरो हरियाणा द्वारा की जा रही है। शिकायत का जब तक मैटीरियल नहीं मिलता तब तक छानबीन करने मे कठिनाई आती है। कहीं से भी मैटीरियल की जानकारी हमे मिलती है तो एक एक करके सब चीजे हमारे ध्यान मे है और पिछले कुछ दिनो मे हमने मानेसर के मामले के लिए सी बी आई को इक्वायरी मार्क कर दी है। इसी प्रकार से और भी जिन विषयो के बारे मे जानकारिया आती रहेगी उसके बारे मे हम जॉच करायेगे और अगर किसी व्यक्ति ने कोई गलत काम किया हुआ है तो उसकी इक्वायरी करवायेगे और इक्वायरी के बाद जो भी रिजल्ट आयेगा जो दोषी पाये जायेगे उनक खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।		

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

SPORTS AND YOUTH AFFAIRS DEPARTMENT

Note —In case an Assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
312	श्री हरि चन्द मिढा द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सख्या 36 क्या खेलकूद एव यूवा मामले मत्री कृपया बताएगे कि (क) क्या जीन्द विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गाव जाजवान तथा गाव बरसोला मे एक स्पोटर्स स्टेडियम के निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा (ख) यदि हा तो उपरोक्त स्टेडियम का निर्माण कब तक किए जाने की समावना है?	11 3 2015 (क) गाव बरसौला मे खेल स्टेडियम निर्माणधीन है। (ख) स्टेडियम के निर्माण हेतु हरियाणा ग्रामीण विकास निधि बोर्ड द्वारा पचायती राज को प्रथम किस्त रु 59 89 000/ की राशि कुल अनुमानित लागत रु 1 19 78 000/ के विरूद्ध स्वीकृत की गई है। 40% कार्य पूर्ण हो चुका है। जैसे ही हरियाणा ग्रामीण विकास निधि बोर्ड द्वारा दूसरी किस्त जारी की जायेगी बरसौला स्टेडियम का अधूरा कार्य शीघ्र ही पूर्ण कर दिया जायेगा।		
313	श्रीमती नैना सिंह चौटाला द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सख्या 113 क्या खेलकूद एव यूवा मामले मत्री कृपया बताएगे कि (क) क्या गाव चौटाला जिला सिरसा मे स्पोटर्स स्टेडियम की मरम्मत करने	12 03 2015 (क) हॉ श्रीमान जी। (ख) मरम्मत का कार्य आगामी वित्त वर्ष मे करवा दिया जायेगा।		

	का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा (ख) यदि हा तो उपरोक्त मरम्मत का कार्य कब तक आरम्भ किया जायेगा?	
314	श्री परमेन्द्र सिह ढुल द्वारा पूछा गया ताराकित प्रश्न सख्या 21 क्या खेलकूद एव युवा मामले मत्री कृपया बताएगे कि योगा को प्रोत्साहन देने के लिए राज्य के ब्राड एम्बेसडर के रूप मे स्वामी रामदेव की नियुक्ति के सबध मे सरकार द्वारा क्या शर्ते तय की गई तथा उसकी नियुक्ति से अब तक राज्य द्वारा क्या ठोस लाभ प्राप्त किए गए?	12 3 2015 इस सम्बन्ध मे मामला विचाराधीन है। नियम तथा शर्ते निर्धारित नही किए गए है। विस्तृत ज्ञापन पर शीघ्र ही हस्ताक्षर करवा लिए जाएगे।
315	ताराकित प्रश्न सख्या 496 के सदर्भ मे श्री श्याम सिह राणा द्वारा पूछा गया सप्लीमैंट्री क्वैश्चन अध्यक्ष महोदय मेरा विधान सभा क्षेत्र रादौर बाढ़ग्रस्त क्षेत्र है और यह यमुना के साथ लगता है। वहा हमारे पास गोताखोर नही है। अगर वहाँ पर कोई बच्चा डूब जाता है तो गोताखोरो की आवश्यकता होती है। वहा पर जो स्टेडियम बनवाए जाये उनमे स्वीमिग पूल भी होना चाहिए ताकि बच्चो	19 3 2015 अध्यक्ष महोदय अब मै मूल प्रश्न पर आता हू। श्याम सिंह राणा जी ने यह तो माना है कि वहा पर स्टेडियम है लेकिन उसके साथ ही साथ उन्होने इसको मॉडर्न बनाने की भी बात की है। हम खेलो को बढ़ावा देना चाहते है we are committee to it इसलिए ये हमे प्रस्ताव भेज दे उसमे से जो भी सुविधाये हम प्रदान कर सकते होगे वे हम जरूर प्रदान करेगे। स्पीकर सर मैने श्याम सिह राणा जी को पहले ही उत्तर दे दिया है कि हमे लिखकर दे दे और

क्र० सख्या	सदर्भ	दिनाक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
